दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



गुड्डू और कालीन गदर मचाने को तैयार

साइकोलॉजिकल हॉरर कहानियों में है दिलचस्पी

वर्ष : 12 अंक : 219 लखनऊ, 02 अगस्त, रविवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में लक्ष्मी योजना पोर्टल लॉन्च किया

नई दिल्ली। दिल्ली की भाजपा सरकार ने अपना एक और चुनावी वादा पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री



रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली लक्ष्मी योजना का पोर्टल लॉन्च किया है।योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। सीएम ने 4 महिलाओं को प्रमाणपत्र भी सौंपे। 500 महिलाओं ने फॉर्म भरे।

### सुवेंदु के पीए की हत्या 2 लोग गिरफ्तार

कोलकाता। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पूर्व निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में



सीबीआई ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो सगे भाइयों सागर सोनकर और साहिब सोनकर को गिरफ्तार किया है। दोनों हत्या की साजिश के अहम किरदार थे। सागर पर शूटरों को सुपारी दिलाने और धन उपलब्ध कराने का आरोप है।

### पीड़ितों से मिलने पहुंचीं सायोनी, गद्दार के नारे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में 12 साल की बच्ची के साथ



गैंगरेप और हत्या का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। इस मामले में पीड़ित परिवार से टीएमसी की बागी सांसद सायोनी घोष भी पहुंचीं। घोष जब बारुईपुर पहुंचीं, तब भीड़ में शामिल लोग गद्दार और बेईमान के नारे लगाते नजर आए।

### चढ़ावा में हेराफेरी नौटियाल को जेल

गोपेश्वर। कस्टडी रिमांड पूरी होने के बाद एसआईटी ने बदरीनाथ धाम में चढ़ावा चोरी मामले के मुख्य



आरोपित वैयक्तिक सहायक प्रमोद नौटियाल को जेल भेज दिया। ठिकानों पर ले जाकर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। पूछताछ व तलाशी में आरोपित से ठोस सबूत हाथ लगे हैं।

## प्रधानमंत्री ने भोगपुरम में अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का किया उद्घाटन

# 'इन्वेस्टमेंट से रोजगार' को बताया केंद्र सरकार का मूल मंत्र

# इससे मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी, लोगों की जिंदगी बेहतर बनेगी



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आंध्रप्रदेश के भोगपुरम में अल्लूरी सिताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जीवंत धिमसा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गई। विजयनगरम जिले के भोगपुरम स्थित अल्लूरी सिताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत 5,640 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित इस ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को प्रति वर्ष 60 लाख यात्रियों को संभालने के लिए तैयार किया गया है। यात्री टर्मिनल भवन को भी आधुनिक, सुगम और कुशल यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हवाई अड्डे में उन्नत बुनियादी ढांचा, अत्याधुनिक तकनीकें और दीर्घकालिक विशेषताएं शामिल हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार का मंत्र है- इन्वेस्टमेंट से रोजगार। इसलिए सरकार ने इन्वेस्टमेंट बढ़ाया औरप्राइवेट सेक्टर को भी इन्वेस्टमेंट के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जब इन्वेस्टमेंट बढ़ता है तो मैन्युफैक्चरिंग बढ़ती है। मैन्युफैक्चरिंग बढ़ती है तो एक्सपोर्ट बढ़ता है और फिर रोजगार के नए अवसर बनते हैं।लोगों की आमदनी बढ़ती है, परिवारों की जिंदगी बेहतर होती है।

### आधुनिक, सुगम यात्रा के अनुभव के साथ किया गया डिजाइन

**धीमसा नृत्य ने सभी का मन मोहा**

**पीएम मोदी ने विशाल जनसभा को किया संबोधित**



हवाई अड्डे का अवलोकन करते पीएम मोदी। साथ में हैं नायडू और पवन कल्याण

**रोड कनेक्टिविटी से जुड़ी योजनाओं को भी किया समर्पित**

प्रधानमंत्री ने के भोगपुरम में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उनका उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इजनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां करीब 18 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। हवाई अड्डे के साथ ये परियोजनाएं रोड कनेक्टिविटी से जुड़े हैं।

### चंद्रबाबू ने 2 क्षितिजों को छू लिया बहनों और बेटियों का अभिनंदन

पीएम मोदी ने कहा कि आयोजन नया इतिहास और नए रिकॉर्ड रचने का भी है। एक ओर विकास के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, साथ ही धीमसा नृत्य का सांस्कृतिक रिकॉर्ड भी रचा गया है। चंद्रबाबू ने दो क्षितिजों को छुआ है। एक तरफ एयरपोर्ट का निर्माण और दूसरी तरफ आदिवासी बहनों के द्वारा धीमसा नृत्य का विश्व रिकॉर्ड बनाना। इसे सराहना करता हूं। प13 हजार से ज्यादा आदिवासी बहनों और बेटियों की प्रस्तुति, उनका उत्साह, उनका अनुशासन और आदिवासी संस्कृति का गौरव, यह दृश्य अद्भुत था।

### ये अल्लूरी सीताराम राजू की धरती बनी

पीएम ने कहा कि ये अल्लूरी सीताराम राजू की धरती है। उन्होंने जिस धरती पर आदिवासी हितों के लिए अपना जीवन समर्पित किया, आज उसी धरती पर आंध्र प्रदेश के नए एयरपोर्ट की शुरुआत हो रही है। यह हवाई अड्डा आंध्र और उत्तर आंध्र की ग्रोथ का रनवे है। ये यहां के युवाओं के बेहतर भविष्य का लॉन्च पैड है। मैं देश के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### हमने परंपरा को तोड़ा और महान नायकों का नाम 'जोड़ा'

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जब एयरपोर्ट बनते थे, तो उनके नाम एक ही परिवार के नाम पर चढ़ जाते थे। हमने इस परंपरा को बदला है। अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम वाल्मिकी के नाम से जोड़ा, पंजाब में संत रविदास के नाम से एयरपोर्ट का नाम जोड़ा। एनडीए सरकार ने निर्णय किया है कि इस नए एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर होगा।

### 2014 तक 74 तो आज 166 एयरपोर्ट बने

पीएम ने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश के एविएशन सेक्टर की असाधारण प्रगति हुई है। 2014 तक देश में केवल 74 एयरपोर्ट ऑपरेशनल थे, आज यह संख्या 166 हो गई है। एक समय था जब हवाई उड़ाने सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित थी। एनडीए सरकार में आज छोटे शहर के साधारण लोग भी फ्लाइट से यात्रा कर रहे हैं। इन 12 वर्षों में सिर्फ एयरपोर्ट्स की संख्या में ही बढ़ोत्तरी नहीं हुई है, बल्कि हमारी उड़ान योजना के कारण आज गरीब परिवार के लोगों को भी जहाज में बैठने का अवसर मिल रहा है। कुछ दिन पहले ही सरकार की ओर से उड़ान योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की गई है।

### एविएशन सेक्टर में देश ने माइलस्टोन हासिल किया

उन्होंने आगे कहा कि एविएशन सेक्टर में देश ने एक और बड़ा माइलस्टोन हासिल किया है। कुछ ही दिन पहले काशी में स्पोक एयरपोर्ट का शुभारंभ किया गया। आज वही मॉडल पंजाब के अमृतसर तक पहुंच गया है। अमृतसर से 25 से ज्यादा इंटरनेशनल डेस्टिनेशन जुड़ जाएंगे।



### 'जंगल का नायक' ने पूरा जीवन जनजातीय लोगों के कल्याण के लिए समर्पित किया

7मई 1924 को दक्षिण भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की अंग्रेजों ने बेरहमी से हत्या कर दी। राजू ने अपना पूरा जीवन जनजातीय लोगों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। लोग उन्हें 'जंगल का नायक' कहते हैं। हर साल आंध्र प्रदेश सरकार उनकी जन्म तिथि चार जुलाई को राज्य उत्सव के रूप में मनाती है।राजू एक संन्यासी और स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म चार जुलाई 1897 में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में हुआ था। उनके पिता का नाम वेंकटराम राजू था। उनका बचपन अंग्रेजों का अत्याचार सहते हुए बीता। बड़े होने पर उन्होंने अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया। उन्होंने 1922 से लेकर 1924 तक चले राम्पा विद्रोह का नेतृत्व किया।

### 18 साल की उम्र में बने संन्यासी

राजू 18 साल की उम्र में संन्यासी बन गए। उन्हें जंगली जानवरों को वश में करने की क्षमता हासिल थी। इसके अलावा, उन्हें ज्योतिष और चिकित्सा का भी ज्ञान था। यही वजह है कि पहाड़ी और आदिवासी लोगों के बीच वे काफी लोकप्रिय हुए।

## राजनीतिक प्रदर्शन को लेकर संत समाज में नाराजगी बढ़ी

# राहुल, पप्पू यादव व अवधेश प्रसाद पर वाराणसी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

हिंदू संत परंपरा और भगवान को बदनाम कर आस्था को चोट पहुंचाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पातालपुरी मठ, नरहरिपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु बालक देवाचार्य ने संसद परिसर में हुए एक राजनीतिक प्रदर्शन को लेकर थाना कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। मामले में पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दिए गए प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया गया है कि 31 जुलाई को संसद परिसर में हुए सार्वजनिक राजनीतिक प्रदर्शन के दौरान हिंदू संत परंपरा, भगवान श्रीराम मंदिर तथा श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित पवित्र दान का प्रतीकात्मक एवं नाटकीय प्रदर्शन कर करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया।

### हिंदू संतों के स्वरूप का दुरुपयोग किया गया



तहरीर में राहुल, यादव तथा अवधेश का नाम लेते हुए आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शन के दौरान भगवा वस्त्र और हिंदू संतों के स्वरूप का राजनीतिक उद्देश्य से उपयोग किया गया और श्रीराम के मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान को प्रदर्शन का विषय बनाया। इससे हिंदू आस्था, संत परंपरा और धार्मिक प्रतीकों का उपहास हुआ समाज में धार्मिक तनाव फैलने की आशंका है।

**यादव के खिलाफ नई दिल्ली में शिकायत, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन**

जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन में यादव के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत सूर्य मैथिल ने दर्ज कराई है। जंतर-मंतर पर वीएचपी प्रदर्शन कर रही है। संत समाज के सम्मान में 'सद्बुद्धि हवन' आयोजित हुए।

## कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री मोदी पर हमला, बोले- माफी मांगें

# 'विक्टिम कार्ड' खेलने का लगाया आरोप, 'इंस्टाग्राम सभाओं' को उनकी 'अत्यधिक आत्ममुग्धता' बताया

### विरोधियों के खिलाफ आपत्तिजनक और कटु भाषा का इस्तेमाल कर रहे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन युवाओं को माफ करने की बात कहकर 'विक्टिम कार्ड' खेल रहे हैं, जिन्होंने उन्हें अपशब्द कहे थे। कांग्रेस ने मांग की कि प्रधानमंत्री छात्रों पर हुई 'बर्बर कार्रवाई' और पेपर लीक के कारण युवाओं को हुई परेशानी के लिए माफी मांगें। प्रधानमंत्री की 'इंस्टाग्राम सभाएं' अब किसी को प्रभावित नहीं कर रही हैं। उन्होंने इसे 'अत्यधिक आत्ममुग्धता' का उदाहरण बताया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर माफी का बात कही।

### जयराम बोले-बार-बार झूठ फैला रहे



जयराम रमेश ने पोस्ट में कहा, खुद को गैर-जैविक बताने वाले प्रधानमंत्री को विक्टिम कार्ड (खुद को पीड़ित दिखाना) खेलना पसंद है। यह भी आरोप लगाया कि वे अपने पूर्ववर्तियों और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और कटु भाषा का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें बदनाम करने बार-बार झूठ फैलाते हैं। अपशब्द कहने वालों की पूरी फौज को खुली छूट देते हैं । देश चाहता है कि प्रधानमंत्री पेपर लीक के मामलों और प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कार्रवाई पर माफी मांगें।

**पीएम मोदी को गालियां देने वाली ने मांगी माफी**



सीजेपी के प्रदर्शन में प्रधानमंत्री को गाली देने वाली लड़की ने सार्वजनिक माफी मांग ली है। रुचिका सिंह ने गंदी गालियां दी थीं। रुचिका ने कहा- इसके लिए मैं शर्मिंदा हूं।

## चुनाव आयोग का मतदाता सूची को सही बनाने का संकल्प

# ओडिशा में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी 19 अगस्त तक करा सकेंगे दावे-आपत्तियां

### 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'एसआईआर' शुरू

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

निर्वाचन आयोग ने ओडिशा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ा दी है। मतदाता अब 19 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दाखिल कर सकेंगे। 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'विशेष गहन संशोधन' की घोषणा की थी। ओडिशा में दावे व आपत्तियां दाखिल करने की मूल अवधि 5 जुलाई से 4 अगस्त तक तय की गई थी। हालांकि, आयोग ने दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय-सीमा 19 अगस्त तक बढ़ा दी है।

### उत्तराखंड विधानसभा चुनाव

### ईवीएम में नजर आएगी नेताजी की रंगीन तस्वीर




इस बार उत्तराखंड में नेताओं की रंगीन तस्वीर ईवीएम पर दिखेंगी। राजनीतिक दलों का बस्ता अब मतदान केंद्र से केवल 100 मीटर दूर नजर आएगा। आयोग के ये बदलाव आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में नजर आएंगे।अभी तक ईवीएम में प्रत्याशियों की छोटी और ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर होती थी। इनमें कई तस्वीरें तो ऐसी होती थीं कि मतदाता को अपने प्रत्याशी को पहचानना मुश्किल होता था। इस बार चुनाव आयोग ने इसमें बड़ा बदलाव लागू कर दिया है।

## ई-20 पेट्रोल के खिलाफ आम आदमी पार्टी का टाउनहॉल

# पेट्रोल चुनने में लोगों को विकल्प दें, कीमतें घटाएं

### केजरीवाल बोले- पीएम आवास तक निकालेंगे मार्च

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से शनिवार को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में ई-20 पेट्रोल के खिलाफ नेशनल टाउन हॉल कार्यक्रम किया गया।इसमें आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मशहूर कॉमेडियन श्याम रंगीला, पॉपुलर यू-ट्यूबर मनीष कश्यप के अलावा कार-बाइक की मरम्मत करने वाले मैकेनिक भी शामिल हुए।केजरीवाल ने मांग की कि पेट्रोल पंपों पर लोगों को एथनॉल मिला हुआ ई-20 और नियमित पेट्रोल में से चुनने का विकल्प दें। उन्होंने ई-20 पेट्रोल की कीमतों को कम करने और पेट्रोल

### हस्ताक्षर अभियान के तहत ज्ञापन भी देंगे

केजरीवाल ने कहा कि वे मंगलवार को हस्ताक्षर अभियान के तहत ज्ञापन एकत्र करेंगे और लगभग 100 लोगों के



साथ लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च निकालेंगे। केजरीवाल ने केंद्र सरकार से उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने को कहा जिसके हवाले से यह दावा किया जा रहा है कि ई 20 पेट्रोल से वाहनों को नुकसान नहीं होता है। मैं चाहता हूं कि वे उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करें।

### तहसीन ने ई-20 ईंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

### भूख हड़ताल से पहले हाउस अरेस्ट का दावा

सामाजिक कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें ग्रेटर कैलाश में हाउस अरेस्ट किया।



यह कार्रवाई ई-20 ईंधन नीति के खिलाफ उनके अकेले प्रदर्शन और भूख हड़ताल से पहले हुई। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उनके घर पहुंची। निकलने से रोका।

### ई-20 ईंधन नीति पर पूनावाला की मांग

पूनावाला ई-20 ईंधन नीति के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मंत्री नितिन गडकरी की आलोचना की है। उनकी मांग है कि उपभोक्ताओं को ई-20 ईंधन के बजाए ई-5 और ई-10 ईंधन मिश्रण के साथ पारंपरिक पेट्रोल खरीदने का विकल्प मिले।

# बेटे ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर हड़पी जमीन

**समाधान दिवस में माँ ने बेटे पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन हड़पने का लगाया आरोप**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक ओर बुजुर्ग महिला ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन हड़पने का आरोप लगाया, वहीं दूसरी ओर एक अधिवक्ता ने नायब तहसीलदार पर न्यायालयीन कार्यवाही में भ्रष्टाचार, अवैध धन उगाही के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। आज संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर अधिकारी नदारत रहे और संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार शालिनी तिवारी ने की। इस दौरान बिजनौर थाना क्षेत्र के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी मवैया निवासी बुजुर्ग महिला बिटाना देवी ने आरोप लगाया कि उनके जीवित रहते हुए उनके बड़े बेटे ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराकर राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर उनकी जमीन अपने नाम दर्ज करा ली। उनका कहना है कि बाद में जमीन पत्नी के नाम स्थानांतरित कर दी गई और उन्हें कोई धनराशि नहीं दी गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अब उनके नाम कोई जमीन नहीं बची है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं अधिवक्ता विनय कुमार दुबे ने नायब तहसीलदार खुशहालगंज (पी-2) जितेंद्र कुमार शर्मा पर बाहरी व्यक्ति शुभम यादव के माध्यम से न्यायालयीन पत्रावलियों में अवैध धन उगाही कराने, पक्षकारों से रिश्वत मांगने और धन न मिलने पर आदेश वापस लेने जैसे आरोप लगाए हैं। शिकायत में दावा किया गया है कि नामांतरण वाद की पत्रावली में छेड़छाड़, दस्तावेजों में बदलाव, बैकडेट में आदेश पारित करने और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। पीड़ित ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और कथित निजी व्यक्ति के मोबाइल कॉल डिटेल, पत्रावली और आदेशों की जांच कराने की मांग की है। इसी तरह सरोजनी नगर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने शिकायत की कि बिजनौर -सिसेंडी मार्ग जगह-जगह काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। बारिश का पानी भरने से रोड में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे लगातार दुर्घटनाएं होती रहती हैं और कहीं भी किसी राहगीर को अनहोनी की आशंका बनी रहती है।उन्होंने कहा है कि इस मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन अधिक है, साथ ही सड़क के किनारे फुटपाथ पर कटीली झाड़ियां फैल जाने से छोटे वाहनों का निकलना दूभर हो रहा है। रोड पर जाम और दुर्घटनाओं सिलसिला बना रहता है। इसके अलावा कई अन्य फरियादियों ने भी अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इसको लेकर संबंधितों को मामलों की जांच कर सप्ताह भर के भीतर निस्तारित करने की आदेश दिए गए।

# ट्रेन से लौट रहे बीटेक छात्र का ट्रैक किनारे मिला शव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हरदोई से लखनऊ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज लौट रहे बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र का शव शनिवार सुबह रहीमाबाद क्षेत्र के कैथुलिया गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हरदोई के बिलग्राम कस्बे के खतराना निवासी 21 वर्षीय शोभित राठौर के रूप में हुई। शव के पास मोबाइल फोन, लैपटॉप और जूते न मिलने से घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस हादसे समेत अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।



मृतक शोभित फाइल – फोटो

परिजनों के अनुसार शोभित जानकीपुरम स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था और कॉलेज के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था। छुट्टियां बिताने के बाद वह शनिवार से शुरू होने वाली कक्षाओं में शामिल होने के लिए हरदोई से लखनऊ लौट रहा था। पिता मेवालाल ने बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे शोभित ने हरदोई रेलवे स्टेशन से काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में सवार होने की जानकारी दी थी। देर शाम तक उसकी परिवार से फोन पर बातचीत भी हुई। रात में मां सरिता ने फोन किया तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला। परिवार ने समझा कि वह हॉस्टल पहुंचकर आराम कर रहा होगा।

रविवार सुबह जब पिता ने बेटे के दोस्तों से संपर्क किया तो पता चला कि वह हॉस्टल नहीं पहुंचा है। इसी दौरान सुबह करीब छह बजे कैथुलिया गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मिले दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर परिजनों को सूचना दी। पिता ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान शोभित के रूप में की।

परिजनों का कहना है कि घटनास्थल से शोभित का मोबाइल फोन, लैपटॉप और जूते गायब थे, जिससे उन्हें किसी अनहोनी की आशंका है। उनका कहना है कि इन परिस्थितियों में केवल हादसे की संभावना पर सवाल उठ रहे हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

पिता मेवालाल ने बताया कि शोभित शुरू से ही पढ़ाई में बेहद होनहार था। बीटेक प्रथम वर्ष में उसने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए थे और इंजीनियर बनने का सपना देख रहा था। वह परिवार में सबसे छोटा था। उसकी मौत से पिता मेवालाल, मां सरिता, भाई विकास और बहन वंदना का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणनायक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है।

## मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के बेहसा, अमौसी एयरपोर्ट निवासी सागर मौर्य ने गांव के शब्बीर कुरेशी उर्फ मुन्ना, कफील अहमद, सिफ्तीन और अन्य पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सागर मौर्य का कहना है कि 29 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे उसके घर के पास गांव के कुछ लोग आपस में झगड़ा कर रहे थे। जिस पर उसने शोर-शराबा करने से मना किया तो गांव के ही सब्बीर कुरैशी उर्फ मुन्ना, कफील अहमद, सिफ्तीन सहित कुछ अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बहन के साथ भी आरोपियों ने हाथापाई की। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने गांव के बाहर मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# माइलस्टोन ग्लोबल स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ कार्यक्रम, अतिथियों ने नेतृत्व, अनुशासन और सेवा भावना का दिया संदेश**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। गोपरामऊ स्थित माइलस्टोन ग्लोबल स्कूल में शनिवार को छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का इन्वेस्टिचर (पदभार ग्रहण) समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह में विद्यालय के चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी नवाब अहमद तथा सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी राम मूर्ति सिंह ने छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर पदभार ग्रहण कराया। साथ ही उन्हें निष्ठा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि छात्र परिषद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से जिम्मेदारी, ईमानदारी और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि राम मूर्ति सिंह ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, समर्पण और नैतिक मूल्यों के साथ विद्यालय एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्र परिषद के अंतर्गत हेड बॉय शनी सिंह, हेड गर्ल आकांक्षा दीक्षित, वाइस हेड बॉय आदित्य राजपूत, वाइस हेड गर्ल दिव्या, डिस्कवरी हाउस कैप्टन अभिषेक यादव, वाइस कैप्टन मानव शुक्ला, करेज हाउस कैप्टन दक्ष शर्मा, वाइस कैप्टन हर्षित यादव, हार्मनी हाउस कैप्टन हिमांशु, वाइस कैप्टन दीक्षा सिंह, लेगसी हाउस कैप्टन रुद्र तिवारी तथा वाइस कैप्टन शगुन सहित अन्य छात्र-छात्राओं को विभिन्न जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा गया। समारोह में उपनिरीक्षक गिरीश सिंह पांडे, राहुल पांडे, विद्यालय की प्रबंधक तृष्णा सिंह, प्रधानाचार्या रोहिणी शशांक मिश्रा, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी नवनिर्वाचित छात्र परिषद सदस्यों को सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्रेम प्रसंग में पत्नी की हत्या, शव गोमती नदी किनारे फेंका, मुकदमा दर्ज

**परिजनों के शक ने खोली हत्या की परतें, हाथों पर मिले नाखून के निशान बने अहम सुराग**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के चर्चित अंजली हत्याकांड के सनसनीखेज मामले में प्रेम प्रसंग में बाधा बन रही पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए पति ने पहले उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और फिर शव को कार में रखकर इटौंजा थाना क्षेत्र स्थित गोमती नदी के पुल के नीचे फेंक दिया। वारदात को छिपाने के लिए आरोपी ने खुद ही पत्नी के लापता होने की सूचना देकर पुलिस और परिजनों को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की जांच में उसकी साजिश बेनकाब हो गई।

### मोबाइल चैट से खुला प्रेम प्रसंग का राज

पुलिस और परिजनों के अनुसार, मृतका अंजली सिंह की शादी 16 नवंबर 2016 को रहीमाबाद के सहिजना गांव निवासी उमेन्द्र प्रताप सिंह से हुई थी। दोनों का सात वर्षीय बेटा पीयूष है। करीब एक माह पहले अंजली ने पति को एक महिला के साथ मोबाइल पर चैट करते हुए पकड़ लिया था। उसने चैट और दोनों की तस्वीरें अपने मोबाइल में सुरक्षित कर ली थीं तथा इसकी जानकारी मायके वालों को भी दी थी। इसके बाद पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद होने लगा।

### परिजनों का आरोप—पहले मारपीट, फिर रची हत्या की साजिश

मृतका के भाई पुष्पेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि प्रेम संबंध उजागर होने के बाद उमेन्द्र ने अंजली के साथ कई बार मारपीट की थी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट भी आई थी। आरोप है कि 31 जुलाई की रात उमेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी मां गायत्री सिंह, चाचा उमेश सिंह, ड्राइवर सुजीत चौरसिया, कपिल चौरसिया और अपनी अज्ञात प्रेमिका के साथ मिलकर अंजली की हत्या कर दी। इसके बाद शव को स्विफ्ट डिजायर कार से गोमती नदी के पुल के नीचे फेंक दिया गया ताकि हत्या के साक्ष्य मिटाए जा सकें।



मृतका अंजली फाइल – फोटो

### गुमशुदगी की सूचना देकर रचता रहा नाटक

वारदात के बाद आरोपी उमेन्द्र ने एक अगस्त की सुबह करीब छह बजे मायके पक्ष को फोन कर अंजली के लापता होने की सूचना दी। इसके बाद वह परिजनों के साथ उसकी तलाश का दिखावा करता रहा। हालांकि उसके हाथों और शरीर पर मिले नाखून के निशानों ने परिजनों का शक गहरा दिया। इसी आधार पर भाई पुष्पेंद्र सिंह ने रहीमाबाद थाने में पति समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज कराया।

### पूछताछ में टूटी चुप्पी, हत्या में प्रयुक्त कार बरामद

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी पति ने प्रेम प्रसंग के चलते पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की है। घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार भी बरामद कर ली गई है। मामले में नामजद आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

# रास्ता रोकने का विरोध करने पर पिता-पुत्री को दबंगों ने पीटा

अमन लेखनी समाचार



घायल पूजा – फोटो



घायल प्रकाश – फोटो

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के बहरौरा गांव में रास्ता मांगने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोसियों ने पिता और उनकी 17 वर्षीय बेटी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में 11वीं कक्षा की छात्रा पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके सिर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार शाम की है। बहरौरा गांव निवासी प्रकाश अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि उनके घर के सामने रहने वाले राजेश ने सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी कर रास्ता रोक रखा था। प्रकाश ने जब गाड़ी हटाकर रास्ता देने की बात कही, तो इस बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि देखते ही देखते राजेश, उसका बेटा शिवा, सुमन समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने मिलकर प्रकाश और उनकी बेटी पूजा पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पूजा के सिर पर कई वार किए, जिससे उसका सिर फट गया और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। पिता प्रकाश भी हमले में गंभीर रूप से घायल हुए। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घायल पिता-पुत्री को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) माल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। पूजा की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों के सिर में कई टांके लगे हैं और उनका उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष ने मामले की तहरीर माल थाने में देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पीड़ित प्रकाश की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिंदा होने की जंग! एक साल से इंसाफ नहीं मिला तो डीएम से महिला बोली- मुझे डेथ सर्टिफिकेट दे दो

**समाधान दिवस में आई 201 शिकायते जिसमें 72 का मौके पर हुआ निस्तारण**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन जिलाधिकारी विशाख अय्यर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें आई 201 शिकायतों में 72 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में रसूलपुर निवासी रामप्यारी ने बिजली विभाग पर गलत तरीके से बिजली बिल का नोटिस भेजने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनके पास एक किलोवाट का घरेलू कनेक्शन जिसका अकाउंट नंबर 8694218000) है और वह हर महीने नियमित रूप से बिल जमा करती हैं। इसके बावजूद विभाग ने उन्हें 85,375 रुपये का नोटिस भेज दिया। महिला की शिकायत सुनने के बाद जिलाधिकारी ने तत्काल बिजली विभाग को फटकार लगाई। वहीं मलिहाबाद मिजार्गंज निवासी यशोदा ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थिनी एक विधवा महिला है। बीते एक साल से उसके खाते में पेंशन नहीं आ रही है। वृद्ध महिला ने डीएम के सामने गुहार लगाते हुए कहने लगी- 'साहब मैं अभी जिंदा हूं'. इस कारण उसे योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. उसने डीएम से गुहार लगाते हुए कहा कि 2025 से समाज कल्याण अधिकारियों ने उसे मृत घोषित कर दिया है. जिससे वह फफाक पड़ी डीएम ने संबंधित अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा जल्द से जल्द इसका निस्तारण किया जाए और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाली हर समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और शिकायतकताओं से फोन के माध्यम से फीडबैक लिया जाए। साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी तरह से अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर, एसडीएम मनोज सिंह, तहसीलदार कुमकुम मिश्रा, एसीपी योगेंद्र सिंह, माल और मलिहाबाद बीडीओ सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते डीएम

## गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के जहानाबाद निवासी विशाल ने 5 से 7 अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। विशाल का कहना है कि 31 जुलाई की सुबह करीब 10:30 बजे गांव के ही रामबाबू पुत्र गंगाप्रसाद ने स्वयं के वाहन चलाने में असमर्थ होने की बात कहकर उसे और उसके दोस्त ऋषू पुत्र रामकिशोर को साथ चलने के लिए कहा। विशाल का कहना है कि तीनों लोग जैसे ही थाना क्षेत्र के दादूपुर गांव के पुल पर पहुंचे, तभी वहां पहले से मौजूद पांच से सात अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने तीनों के साथ मारपीट की, जिससे तीनों लोग चोटिल हो गए। वहीं रामबाबू के सिर पर डंडा लगने से वह घायल हो गया। किसी तरह तीनों वहां से बचकर बंथरा थाने पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जंगल में शौच के दौरान सांप ने डंसा, इलाज के दौरान बच्ची ने तोड़ा दम

**शौचालय होता तो बच जाती जागृति की जिंदगी, बोले परिजन**

अमन लेखनी समाचार



मृतका जागृति फाइल – फोटो

लखनऊ। घर में शौचालय न होने की मजबूरी एक परिवार पर भारी पड़ गई। खुले में शौच के लिए गई पांच वर्षीय बच्ची को जहरीले सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अहमदाबाद कटौली निवासी रिंकू की पांच वर्षीय बेटी जागृति शनिवार सुबह करीब छह बजे घर के पास जंगल की ओर शौच के लिए बाहर गई थी। इसी दौरान जंगल में झाड़ियों में छिपे जहरीले सांप ने उसके दाहिने हाथ में डस लिया। सांप के डसते ही बच्ची की हालत बिगड़ने लगी। वह किसी तरह घर पहुंची, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतका के पिता रिंकू ने बताया कि उनके घर में शौचालय नहीं है और उन्हें अब तक सरकारी योजना के तहत शौचालय का लाभ नहीं मिल सका। इसी वजह से परिवार के सभी सदस्य खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि यदि घर में शौचालय होता तो उनकी मासूम बेटी की जान बच सकती थी। मृतक के पिता रिंकू जरदोजी का काम करके अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। जागृति अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी। परिवार में मां सुषमा, तीन भाई आदित्य, ऋषभ और छह माह का एक छोटा भाई है। बेटी की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# न्यायालय में झूठा बयान देने लिए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गीता आश्रम, गंगानगर, अमौसी निवासी मुकेश कुमार पाल ने यहीं के शोभित कश्यप और अरुण कश्यप पर न्यायालय में झूठा बयान देने के लिए दबाव बनाने, जान से मारने की धमकी देने, गाली-गलौज करने और न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। मुकेश कुमार पाल का कहना है कि उनके मकान में पहले आकाश वर्मा और उनकी पत्नी श्रुति वर्मा किरायेदार के रूप में रहते थे। तभी पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद श्रुति वर्मा ने अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। तब जॉच के दौरान पुलिस ने मुकेश, उनकी पत्नी और अन्य किरायेदारों के बयान दर्ज किए थे। आरोप है कि गंगानगर निवासी शोभित कश्यप और अरुण कश्यप लगातार उन पर अपने बयान को झूठा बताने और न्यायालय में बयान बदलने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने, जेल भिजवाने, घर बिकवा देने, जान से मारने और घर में आग लगवाने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही, अलग-अलग लोगों को घर भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पति और ससुराल वालों से परेशान महिला पानी की टंकी पर चढ़ी

**आत्महत्या करने की पुलिस की दी सूचना,**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में पति और ससुराल वालों से परेशान 35 वर्षीय महिला ने शनिवार को अचानक पानी की टंकी पर चढ कर आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने आनन-फानन फायर कर्मियों को बुलाया। बाद में उसे नीचे उतारकर लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक कानपुर के नौबस्ता स्थित आवास विकास हंसपुरम निवासी प्रियंका सिंह (35) ने अक्टूबर 2019 में सरोजनीनगर के गौरी बाजार निवासी अभिषेक उर्फ बबलू वर्मा से लव मैरिज की थी। लेकिन अभिषेक के घर वालों ने प्रियंका को यहां नहीं रहने दिया। तब अभिषेक खुद प्रियंका के मायके में उसके साथ रहने लगा। लेकिन प्रियंका का कहना है कि 20 फरवरी 2026 को अभिषेक भी वहाँ से चला गया। तब प्रियंका ने काफी खोजबीन के बाद नौबस्ता थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। बाद में उसे अभिषेक को अपने घर में रहने की जानकारी मिली, तब उसने सरोजनीनगर थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। लेकिन आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को प्रियंका फिर सरोजनीनगर थाने पहुंची। तब पुलिस ने अभिषेक और उसके मां-बाप को बुलाया, लेकिन अभिषेक थाने पर नहीं पहुंचा। काफी देर बाद भी अभिषेक थाने नहीं पहुंचा तो प्रियंका को लगा कि पुलिस लापरवाही कर रही है। इस पर प्रियंका दोपहर करीब 2 बजे चुपके थाने से निकल कर करीब ढाई किलोमीटर दूर लखनऊ एयरपोर्ट परिसर पहुँची। यहाँ एयरपोर्ट से शहीद पथ जाने वाली सड़क किनारे स्थित पानी की टंकी का शटर खुला देख वह 100 फीट ऊंचाई वाली टंकी पर करीब 70 फीट ऊंचे चढ़ गई। वहां से उसने पुलिस को खुद फोन कर आत्महत्या करने की सूचना दी। सूचना से पुलिस के हाथ पांव फूल गए और पुलिस आनन-फानन मौके पर पहुंची। साथ ही फायर कर्मियों को भी बुलाया गया। फायर कर्मी टंकी पर चढ़ कर गए तो करीब 70 फीट ऊंचाई पर प्रियंका जीने पर बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। इसके बाद नीचे उतार कर उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज जारी है। उधर पुलिस ने अभिषेक को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि प्रियंका की शिकायत पर अभिषेक को थाने पर बुलाया गया था। लेकिन उसके थाने पहुंचने में देर होने पर प्रियंका किसी के बहकावे में आकर यहाँ से जाकर पानी की टंकी पर चढ़ गयी। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# संक्षेप

## ट्रेलर ट्रक व डीसीएम की भिंडत परिचालक की मौत

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात गंगा एक्सप्रेस वे पर पोल संख्या 399.4 के पास मेरठ की ओर जा रहे ट्रेलर ट्रक में पीछे से आ रहे डीसीएम भिड जाने से डीसीएम सवार सह चालक अक्षय कुमार शर्मा पुत्र कन्हैया लाल शर्मा 47 निवासी होले पुर थाना ठठिया कन्नौज की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि चालक सोनू पुत्र दुल्ला निवासी उपरोक्त गभींर रुप से घायल हो गया जिसे गभींर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया घटना की सूचना पर मृतक के परिजन रोते बिलखते हुए जिला अस्पताल पहुंचे इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक चालक था और घटना के समय सो रहा था जबकि गभींर रुप से घायल सोनू डीसीएम चला रहा था

## घरेलू विवाद में की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना अंतर्गत घरेलू विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जमकर पीट दिया। पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के मंझिगवा निवासिनी मीना पत्नी प्रेम शंकर ग्राम ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को घरेलू विवाद को लेकर धुनई पुत्र किसन व उनके छोटे भाई मोनू व सोनू व वउआ ने हमको लात व घूसों से काफी मारा पीटा जिसमें मुझे व मेरी पति को काफी चोटे आयी है। ये लोग आये दिन गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी दिया करते है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## सेवानिवृत दो शिक्षकों का किया गया विदाई सम्मान समारोह

सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर कस्बे के आर आर बी एन इण्टर कालेज में कार्यरत दो शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के सेवानिवृत्त पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय मे कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारी विश्वनाथ व शिव बहादुर दोनो ही शुक्रवार को अपनी सेवा अवधी पूरी कर लेने पर सेवानिवृत्त हो गये। विदाई समारोह में विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा विश्वनाथ ने पूरी कार्यकाल में चौकीदार पद व शिवबहादुर ने स्वच्छग्राही पद बखूबी निभाया है। जो भी कर्मचारी सेवा मे आता है , सेवानिवृत्त सतत प्रक्रिया है। विद्यालय परिवार ने दोनो ही कर्मचारियों के स्वस्थ एवं दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शत्रुघ्न व संचालन प्रेम चंद ने किया। इस मौके पर जगदीश प्रसाद ,सूर्य कुमार सिंह , राजा भइया निगम , राम शंकर, दिवाकर सिंह , राम बहादुर , ज्ञानप्रताप सिंह , संजय तिवारी , किरन कांत , आबिद अंसारी , राम धीरज , सुशील कुमार , सोनाली गुप्ता , वीर प्रताप आदि मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। अगस्त माह के पहले शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए मातहतों को निर्देशित किया। दो सैकड़ा से अधिक शिकायती पत्र मिले जिसमें 32 मामलों का निपटारा कराया गया। इस दौरान एसएसपी, सीएमओ, एसडीएम, सीओ समेत उच्चाधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु शनिवार को पुरवा के तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम घनश्याम मीणा एवं एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए मातहतों को निर्देशित किया। इस दौरान दिग्विजय सिंह उपजिलाधिकारी पुरवा एवं अरविन्द कुमार चौरसिया क्षेत्राधिकारी पुरवा द्वारा भी संयुक्त रूप से जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। आज राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, जलापूर्ति, भूमि विवाद, पेंशन, आवास तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। थाना मौरावां अंतर्गत मोहकमखेड़ा मजरा जेरा निवासी शैलेन्द्र कुमार ने अपने गांव निवासी एक परिवार पर फर्जी मुकदमें में फंसाने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही का अनुरोध अधिकारियों से किया है। आज राजस्व के 186, पुलिस 18, विकास 11 एवं अन्य 28 शिकायती पत्र मिले जिनमें से 32 मामलों का निपटारा मौके पर कराया गया। इस दौरान पीडी तेजवंत सिंह, प्रभारी तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, बीडीओ डॉ० संतोष कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ असोहा निशा सागर विश्वकर्मा, एक्ससीएन विद्युत विमल कुमार, कोतवाल पुरवा भवन सिंह मौर्य, प्रभारी निरीक्षक मौरावां कुंवर बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक असोहा फूल सिंह, प्रभारी निरीक्षक सोहरामऊ अरविंद पांडेय, रेंजर नीरज यादव, सीएचसी प्रभारी पुरवा डॉ० प्रमोद कुमार, सुरेश कुमार बीईओ पुरवा व हिलौली, लेखपाल प्रशांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में चेन लुटेरे घायल, साथी गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव थाना दही पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाल्लई में 26 जुलाई को आवास विकास पार्क में हुई चेन स्नैचिंग का खुलासा हो गया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश घायल हुआ जबकि दूसरा गिरफ्तार कर लिया गया। दही पुलिस के अनुसार 26.07.2026 की सुबह आवास विकास स्थित पार्क में एक महिला से चेन छीने जाने के मामले में मु0अ0सं0 196/26 धारा 309(4) बीएनएस दर्ज थी। इसी के अनावरण के लिए पुलिस टीमें लगी थीं। 31 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे मुखबिर की सूचना पर बस्तीखेड़ा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान पुरवा की तरफ जा रहे दो बाइक सवारों को रोका गया। पुलिस को देखकर दोनों ने फायरिंग कर भागने की कोशिश की। आत्मरक्षा में हुई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। दूसरे को मौके से दबोच लिया गया। पूछताछ में घायल की पहचान असलम टांडा उर्फ टांडा पुत्र रफीक हसन निवासी बखरिया, थाना मोहम्मदपुर खाला, बाराबंकी उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। दूसरे का नाम अतीक उर्फ राजू उर्फ काजू पुत्र स्व0 मुस्तफा निवासी भदमरा, थाना रेउसा, सीतापुर उम्र 44 वर्ष है। असलम के पास से लूटी गई चेन, घटना में इस्तेमाल सुपर स्प्लेंडर बाइक UP32 KD 6636, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस मिला। वहीं अतीक से एक पीली धातु की चेन बरामद हुई जो 23.07.2026 को थाना पारा लखनऊ में दर्ज मु0अ0सं0 508/26 से जुड़ी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों शातिर लुटेरे हैं। असलम पर बाराबंकी, लखनऊ और सीतापुर में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के 28 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अतीक पर भी लखनऊ, बाराबंकी और सीतापुर में लूट और गैंगस्टर एक्ट के 20 मुकदमे पहले से चल रहे हैं। घायल असलम को इलाज के लिए जिला अस्पताल उन्नाव भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल सरार्फा कारोबारी के स्कूटी में टंगे झोले में पड़े लाखो के जेवरात लोगों ने किया पार

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अचलगंज रायबरेली से वापस घर लौट रहे स्कूटी सवार सरार्फा व्यवसाई को आजाद मार्ग चौराहे पर अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें स्कूटी सवार बीच सड़क पर गिर कर चोटहिल हो गया। दुर्घटना के बाद स्कूटी उठाने आए लोगों ने एक झोले में टंगे सात किलो चांदी के जेवरात पार कर ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दिया। शुक्लागंज के गांधी नगर निवासी सरार्फा व्यवसाई कुंज बिहारी सोनी चांदी की बिछिया बनाकर बेचने का कारोबार करतें है। शनिवार को रायबरेली से चांदी बेचकर वापस लौटते समय सुबह 8 बजे बंथर का आजाद मार्ग चौराहा पार करते समय लखनऊ की ओर से आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। जिसमें व्यवसाई के बीच सड़क पर गिर जाने से स्कूटी में चांदी के जेवरातों से भरा झोला किसी ने पार कर दिया। पीड़ित सरार्फा कारोबारी ने झोले में 9 लाख कीमत के 7 किलो चांदी की बनी बिछिया पार कर देने की लिखित तहरीर थाने और बदरका चौकी में दिया है। थानाध्यक्ष सुब्रत त्रिपाठी ने प्रथम दृष्टया घटना को संदिग्ध करार देते हुए बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

*आजाद मार्ग चौराहे पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को संज्ञान लेते हुए पूर्व जिलाधिकारी गौरांग राठी एव पुलिस कप्तान दीपक भूकर द्वारा चौराहे पर लगवाए गए चार बडे सीसीटीवी कैमरो से जब जांच कराई गईं तो तो सभी कैमरे बंद मिले है।*

# खबर के बाद हरकत में आया विद्युत विभाग, झुका बिजली का पोल हुआ सीधा

**अमन लेखनी समाचार**



परियर, उन्नाव। विद्युत उपखंड सफीपुर के अंतर्गत परियर फीडर के माना बंगला से गंगा तट जाने वाले मार्ग पर कई दिनों से झुका हुआ बिजली का पोल श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका था। सावन माह और कांवड़ यात्रा के दौरान इस मार्ग से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। इस गंभीर जनसमस्या को हिंदी दैनिक अमन लेखनी ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर प्रकाशित होते ही विद्युत विभाग हरकत में आया और तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।

अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) रंजीत कुमार के निर्देश पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची और झुके हुए विद्युत पोल को सीधा कर सुरक्षित कर दिया। विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो गई।

ग्रामीणों ने समय रहते कार्रवाई कराने के लिए अधिशासी अभियंता रंजीत कुमार का आभार व्यक्त किया। साथ ही जनहित से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाने पर हिंदी दैनिक अमन लेखनी की भी सराहना करते हुए कहा कि समाचार प्रकाशित होने से समस्या का शीघ्र समाधान संभव हो सका।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में पड़ा मिला युवक का शव

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के दऊ गांव निवासी पंकज सिंह 33 वर्ष पुत्र नरेंद्र सिंह का शव दरसँवा गांव में लगने वाली बाजार के पास शारदा नहर में पड़ा देख ग्रामीणों ने सूचना पंकज के परिजनों को दी , घटना स्थल पर पहुंचे पंकज के भाई नीरज सिंह , देवेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी ,मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया । म्रतक के भाई नीरज ने बताया कि रात ग्यारह बजे तक पंकज घर पर था , सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी कि तुम्हारा भाई शारदा नहर में मृत पड़ा है ,म्रतक तीन भाइयों नीरज सिंह ,देवेंद्र सिंह व बहन पिंकी में सबसे बड़ा था ,म्रतक के पिता नरेंद्र सिंह की आठ वर्ष पूर्व में मौत हो गई थी । म्रतक की माँ माया देवी सहित भाई बहनों का रो रो बुरा हाल है ।ग्रामीणों की माने तो म्रतक शराब का लती था और अत्यधिक शराब पीता था ,घर पर रह कर ही खेती बाड़ी करता था , ग्रामीणों का कहना है कि हो सकता है ज्यादा शराब पी ली हो और शौच आदि करने नहर आया हो तो नशे में वही पानी मे लुढ़क गया जिससे उसकी मौत हो गई थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि म्रतक के भाइयो की तरफ से अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नही आया है ,आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी

# सिगरेट चोरी के मामले में दो चोर गिरफ्तार, 89 डिब्बी बरामद

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। कोतवाली सदर पुलिस ने चोरी के माल के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई 89 डिब्बी सिगरेट भी बरामद की है।

वादी प्रवेश तिवारी निवासी खजूरियाबाग ने 31 जुलाई को थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को हुसैन नगर चौराहे पर सिगरेट बेचने गए थे। वहां से उनका सिगरेट से भरा बैग 2 लोगों ने चोरी कर लिया था। तहरीर के आधार पर कोतवाली सदर में मुकदमा संख्या 476/26 धारा 303(2) बीएनएस में दर्ज किया गया था।

31 जुलाई को प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र और उपनिरीक्षक अनिल कुमार साहू ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए पीडी नगर कट बाईपास से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम जावेद पुत्र वसीम निवासी जाजमऊ थाना गंगाघाट उन्नाव और बाबू पुत्र रफीक शाह निवासी सनगवा केडीए रामादेवी थाना चकेरी कानपुर नगर हैं। पुलिस ने जावेद के पास से 36 डिब्बी और बाबू के पास से 53 डिब्बी सिगरेट बरामद की। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# सरकारी कब्रिस्तान की भूमि पर हुए अवैध कब्जा हटवाने व अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के हरदोई रोड स्थित दरगाह हजरत शेख औलिया बाबा एवं सरकारी कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर प्रशासन के समक्ष पहुंचा है। दरगाह के प्रबंधक ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कब्जा हटवाने और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। दरगाह एवं सरकारी कब्रिस्तान के प्रबंधक असद अली ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 636 एवं 638 पर सरकारी कब्रिस्तान तथा दरगाह स्थित है। इसके समीप गाटा संख्या 639 झ ग्राम दुल्लापुरवा निवासी ललतू पुत्र चैत तथा कल्लू पुत्र ललतू के नाम दर्ज है। आरोप है कि दोनों व्यक्ति अपनी भूमि की आड़ में सरकारी कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। प्रबंधक के अनुसार इस संबंध में पूर्व में भी उपजिलाधिकारी से शिकायत की गई थी। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल और कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान राजस्व अधिकारियों ने सरकारी कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण होने की पुष्टि की। हालांकि अधिकारियों ने यह भी कहा कि पुलिस बल के सहयोग के बिना अवैध कब्जा हटवाना संभव नहीं है। संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में असद अली ने प्रशासन से तत्काल पुलिस बल उपलब्ध कराकर सरकारी कब्रिस्तान की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा भविष्य में दोबारा कब्जा न होने के लिए प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों की भी नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# कच्ची दीवार गिरी मलबे में दबकर महिला की मौत

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के आगाखेड़ा गांव में शुक्रवार तड़के लगातार बारिश के चलते कच्ची दीवार ढह जाने से उसके मलबे में दबकर 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी बुधाना पत्नी स्वर्गीय रज्जू गुरुवार रात भोजन करने के बाद घर के बाहर कच्ची दीवार के सहारे बने छप्पर के नीचे चारपाई पर सो रही थीं। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे अचानक जर्जर कच्ची दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें मलबे से बाहर निकाला और गंभीर हालत में निजी वाहन से नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर घर लौट आए और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण कच्ची दीवार काफी कमजोर हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। मृतका के पति का करीब तीन वर्ष पहले निधन हो चुका है। परिवार में उनका एक बेटा है। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# पीडब्लू डी की लापरवाही जारी पांच दिन बाद भी नहीं भरा सड़क का जान लेवा गड्ढा, हादसे का बढ़ा खतरा

**अमन लेखनी समाचार**




परियर, उन्नाव। सदर तहसील क्षेत्र के परियर से करोवन जाने वाले मार्ग पर लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी द्वारा हाल ही में कराए गए डामरीकरण की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पहली ही बारिश में सड़क के किनारे बना लगभग पांच फीट चौड़ा और आठ फीट गहरा गड्ढा पांच दिन बीत जाने के बाद भी जस का तस बना हुआ है। इतना ही नहीं, लगातार बारिश के कारण गड्ढा पहले से और बड़ा हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर समस्या को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद उम्मीद थी कि लोक निर्माण विभाग तत्काल कार्रवाई करेगा, लेकिन विभाग की ओर से अब तक न तो गड्ढे की मरम्मत कराई गई और न ही वहां किसी प्रकार की बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा संकेतक लगाए गए हैं। ऐसे में रात के समय या बारिश के दौरान किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई, जिसका परिणाम पहली ही बारिश में सामने आ गया। उनका कहना है कि यदि समय रहते गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी गंभीर दुर्घटना की पूरी आशंका है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। गौरतलब है कि इस संबंध में पूर्व में लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर अखिल गंगवार ने बताया था कि गड्ढे की जानकारी मिल गई है और जल्द ही उसे भरवाकर सड़क का दोबारा डामरीकरण कराया जाएगा, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके। लेकिन आश्वासन के पांच दिन बाद भी मौके पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर गड्ढे की मरम्मत कराने, सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने तथा सुरक्षा के लिए आवश्यक संकेतक और बैरिकेडिंग लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि विभाग की यह उदासीनता कहीं किसी बड़े हादसे का कारण न बन जाए।

# बिना कार्य किए सफाई कर्मचारी पर वेतन लेने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**




सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड की ग्राम पंचायत कल्याणपुर प्रथम में भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक सफाई कर्मचारी पर बिना ड्यूटी किए नियमित रूप से सरकारी वेतन लेने का आरोप लगा है। ग्राम निवासी जितेंद्र सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता जितेंद्र सिंह के अनुसार, उनकी ग्राम पंचायत में पिछले कई वर्षों से विशाल द्विवेदी नामक सफाई कर्मचारी नियुक्त है। आरोप है कि विशाल द्विवेदी कभी गांव में सफाई कार्य के लिए नहीं आए। पहले वह कभी-कभार किसी मजदूर को भेजकर औपचारिकता पूरी करवा देते थे, लेकिन पिछले कई महीनों से गांव में सफाई का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। जितेंद्र सिंह ने बताया कि जब उन्होंने इस संबंध में ग्राम प्रधान से बात की, तो प्रधान ने सफाई कर्मचारी के गांव न आने की बात स्वीकार की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मास्टर रोल में फर्जी हस्ताक्षर और मोहर लगाकर कागजों में कर्मचारी की उपस्थिति दर्शाई जा रही है, और मिलीभगत से हर महीने वेतन निकाला जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन सुमेरपुर के एडीओ पंचायत अनिल राणा शिकायतों को निराधार बताकर खारिज कर देते हैं और आरोपी कर्मचारी का बचाव करते हैं। एसडीएम आनंद नायक ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर वंदन कलश निकाली गई यात्रा

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर विधानसभा क्षेत्र से वंदन कलश यात्रा निकली गई। जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया एवं संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। साथ ही जगह जगह संविधान निमार्ता बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

वंदन कलश यात्रा भिक्खनपुर गोपालपुर पहुंची। जहां विधायक श्रीकांत कटियार ने बताया कि मात्र उनके जन्म का स्मरण करने से नहीं, बल्कि उनके महान विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास भारत की संत परंपरा के ऐसे महान संत थे जिन्होंने प्रेम, समानता, मानवता और भक्ति का संदेश दिया। संत जी ने समाज में फैली ऊँच-नीच, छुआछूत और भेदभाव का विरोध किया तथा यह बताया कि हर मनुष्य समान है। उनके लिए किसी व्यक्ति की पहचान उसकी जाति, जन्म या संपत्ति से नहीं, बल्कि उसके कर्म, चरित्र और सदाचार से होती है। गुरु रविदास जी ने सरल जीवन, सत्य, ईमानदारी, परिश्रम और सेवा को जीवन का आधार माना। उनकी वाणी आज भी हमें यह प्रेरणा देती है कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म मानवता है। उनका प्रसिद्ध संदेश– ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा₹–यह बताता है कि यदि हमारा मन निर्मल है, तो ईश्वर हर स्थान पर विद्यमान हैं। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की, जहाँ किसी के साथ अन्याय न हो, कोई ऊँच-नीच न हो और सभी को समान सम्मान तथा अवसर मिले। उन्होंने कहा कि आज जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, गुरु रविदास की शिक्षाएँ पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर शिक्षा, सद्भाव, भाईचारे और सेवा की भावना को बढ़ावा देना चाहिए तथा ऐसा समाज बनाने का प्रयास करना चाहिए जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर प्राप्त हों। वंदन कलश यात्रा का विधानसभा क्षेत्र के हुलासी कुआं , लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के अंडर पास, ग्राम दारापुर, देवखरी चौराहा, में भी स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल, मंडल अध्यक्ष सोनू सिंह, पुत्तीलाल गौतम, विनोद सिंह, पुनीत गुप्ता, अयोध्या प्रसाद, अंकित गौतम, लालेश अस्थाना सहित तमाम ग्राम वासी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# संसद की गरिमा और मर्यादा सर्वोपरि

पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे पर संसद से देश को ठोस समाधान और सार्थक बहस की अपेक्षा होती है। विपक्ष को सरकार से कठिन सवाल पूछने का पूरा अधिकार है और सरकार को उनके जवाब देने की जिम्मेदारी है, लेकिन जब बहस का केंद्र असंसदीय शब्दों और आरोप-प्रत्यारोप पर आ जाता है, तो मूल मुद्दा पीछे छूट जाता है। संसद में विचारों का संघर्ष लोकतंत्र की पहचान है, लेकिन शब्दों का संयम उसकी गरिमा और मर्यादा ही सदन की नींव है। बुधवार को लोकसभा में पेपर लीक से जुड़े संशोधन विधेयक पर हुई बहस इसी सवाल को फिर से सामने ले आई। बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लगभग 50 मिनट तक अपनी बात रखी। उन्होंने छात्रों के आंदोलन का समर्थन किया और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। अपने भाषण में 'इडियट' और 'अंधभक्त' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिस पर सत्ता पक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कई बार हस्तक्षेप करते हुए इसे संसदीय मर्यादा के विपरीत बताया और माफी की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी हस्तक्षेप करते हुए आपत्तिजनक माने गए शब्दों को कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया। अध्यक्ष द्वारा आपत्तिजनक माने गए शब्दों को कार्यवाही से हटाना संसदीय परंपरा का हिस्सा है। अंततः लोकतंत्र की मजबूती इस बात में है कि मतभेद कितने भी गहरे हों, संवाद शालीन, तथ्यपरक और मर्यादित बना रहे। बहस के दौरान गृह मंत्री पर छात्रों पर फायरिंग के आदेश देने का आरोप भी लगाया गया, जिसे सरकार ने सिरे से खारिज किया। ऐसे गंभीर आरोपों की जांच और सत्यापन तथ्यों तथा कानून के आधार पर होनी चाहिए। संसद में बोले गए शब्द केवल तत्कालीन बहस तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे देश की लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा बन जाते हैं। यह भी ध्यान रखने योग्य है कि किसी शब्द की स्थायी 'प्रतिबंधित सूची' नहीं होती। किसी टिप्पणी को असंसदीय माना जाएगा या नहीं, इसका निर्णय उसके संदर्भ, प्रभाव और सदन की गरिमा के आधार पर अध्यक्ष या सभापति करते हैं। यही कारण है कि समय-समय पर विभिन्न शब्द कार्यवाही से हटाए जाते रहे हैं। यह प्रक्रिया किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि संसद की संस्थागत गरिमा को बनाए रखने के लिए होती है। आज देश के करोड़ों युवा संसद की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं। वे चाहते हैं कि उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों पर गंभीर बहस हो, ठोस नीतियां बनें और समाधान निकले। यदि चर्चा का केंद्र असंसदीय शब्द, नारे और राजनीतिक टकराव बन जाए, तो सबसे अधिक निराशा उन्हीं युवाओं को होती है, जिनके हितों की रक्षा के लिए संसद अस्तित्व में है। लोकतंत्र की शक्ति सत्ता और विपक्ष, दोनों की जिम्मेदारी से बढ़ती है। विपक्ष का दायित्व है कि वह सरकार से कठिन और असहज प्रश्न पूछे, जबकि सरकार का दायित्व है कि वह तथ्यों और जवाबदेही के साथ उनका उत्तर दे। लेकिन दोनों पक्षों की समान जिम्मेदारी यह भी है कि संसद की गरिमा और मर्यादा किसी भी राजनीतिक संघर्ष से ऊपर रहे। मतभेद जितने भी तीखे हों, संवाद तथ्यपरक, संयमित और जनहित केंद्रित होने चाहिए और सभी दल यह ध्यान रखें की सदन की गरिमा और मर्यादा सर्वोपरि है, इसे बनाए रखना सबका दायित्व है।



मुद्दा

पंकज चतुर्वेदी

**ऐसा क्यों होता है कि बरसात आते ही देश के विकास के प्रतिमान ढहने लगते हैं। कई हजार करोड़ की संरचनाएं तकनीकी कारणों से जानलेवा बन जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश में राजमार्गों का जाल बिछ रहा है, वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाएं शुरू हो रही हैं, नए हवाई अड्डे बन रहे हैं, समुद्र पर लंबे पुल तैयार हो रहे हैं और स्मार्ट शहरों का सपना आकार ले रहा है। इस चमकदार तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। नई बनी सड़कों का पहली बारिश में उखड़ जाना, उद्घाटन के कुछ समय बाद ही पुलों में दरारें आना, निर्माणाधीन पुलों का गिरना, सार्वजनिक इमारतों की छतों का ढह जाना गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।**

# विकास कार्यों की जवाबदेही भी तय हो

आखिर ऐसा क्यों होता है कि बरसात आते ही देश के विकास के प्रतिमान ढहने लगते हैं। कई हजार करोड़ की संरचनाएं तकनीकी कारणों से जानलेवा बन जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश में राजमार्गों का जाल बिछ रहा है, वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाएं शुरू हो रही हैं, नए हवाई अड्डे बन रहे हैं, समुद्र पर लंबे पुल तैयार हो रहे हैं और स्मार्ट शहरों का सपना आकार ले रहा है। सरकारें इन परियोजनाओं को नए भारत की पहचान के रूप में प्रस्तुत करती हैं। इस चमकदार तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। पिछले कुछ वर्षों में नई बनी सड़कों का पहली बारिश में उखड़ जाना, उद्घाटन के कुछ समय बाद ही पुलों में दरारें आना, निर्माणाधीन पुलों का गिर जाना और सार्वजनिक इमारतों की छतों का ढह जाना एक गंभीर प्रश्न खड़ा करता है-क्या हम टिकाऊ विकास कर रहे हैं या केवल विकास का प्रदर्शन?

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे हो या फिर प्रगति मैदान की सुरंग, बरसात में जलजमाव होना आम बात है। बिहार में गंगा पार का अगुवानी–सुल्तानगंज पुल निर्माण के दौरान दो बार ढह गया। इस परियोजना पर सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च हो चुके थे। इसके बावजूद लंबे समय तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि डिजाइन में कमी थी, निर्माण सामग्री दोषपूर्ण थी या निगरानी में गंभीर लापरवाही हुई। इसी प्रकार, बिहार में कई छोटे पुलों और पुलियों के लगातार गिरने की घटनाओं ने राज्य की निर्माण व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा दिया। मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का गिरना भी केवल एक तकनीकी विफलता नहीं था। करोड़ों रुपये की लागत से स्थापित प्रतिमा का अपेक्षाकृत कम समय में ढह जाना यह बताता है कि गुणवत्ता परीक्षण और संरचनात्मक सुरक्षा के मानकों की अनदेखी कितनी महंगी पड़ सकती है। करीब 36,230 करोड़ रुपये की लागत से बने गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन होने के कुछ ही समय बाद उन्नाव के निकट इसकी लिंक रोड पहली ही बारिश में धंस गई। पहली ही भारी बारिश के बाद उत्तर प्रदेश के शामली और सहारनपुर के पास 12,000 करोड़ की लागत से बना दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे (विशेषकर हाथ कररोड़ा गांव के समीप) कई जगहों से धंस गया था। इसके कारण बने बड़े-बड़े गड्ढों से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुईं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश दुर्घटनाओं के बाद कुछ दिनों तक चर्चा होती है, जांच समिति बनती है, कुछ अधिकारियों का तबादला या निलंबन होता है और फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। दोष तय नहीं होता, न किसी बड़ी निर्माण एजेंसी की जवाबदेही सुनिश्चित होती है और न ही ऐसी घटनाओं से सीख लेकर व्यवस्था में व्यापक सुधार दिखाई देता है। ऐसी घटनाएं केवल इंजीनियरिंग की विफलता नहीं हैं। इनके पीछे कई स्तरों की समस्याएं काम करती हैं। पहली समस्या है समय से पहले परियोजना पूरी करने का राजनीतिक दबाव। आज अधिकांश बड़ी परियोजनाएं चुनावी कैलेंडर से जुड़ जाती हैं। उद्घाटन की तारीख तय हो जाती है और फिर निर्माण एजेंसियों पर समय सीमा पूरी करने का दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में गुणवत्ता परीक्षण, अंतिम निरीक्षण और तकनीकी मानकों के पालन में समझौते की आशंका बढ़ जाती है। दूसरी समस्या है सबसे कम बोली आधारित



ठेका प्रणाली। सरकारी खरीद में कम लागत निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन जब प्रतिस्पर्धा केवल सबसे सस्ता ठेका पाने तक सीमित रह जाए तो गुणवत्ता प्रभावित होना स्वाभाविक है। कई बार ठेकेदार बाद में लागत की भरपाई घटिया सामग्री, कम गुणवत्ता वाले श्रम या तकनीकी मानकों में कटौती करके करते हैं। तीसरी और सबसे गंभीर समस्या है जवाबदेही का अभाव। किसी पुल के गिरने, सड़क के धंसने या सरकारी भवन के ढहने के बाद यदि दोषी इंजीनियर, निर्माण एजेंसी या निगरानी संस्था पर कठोर कार्रवाई नहीं होती तो यह संदेश जाता है कि सार्वजनिक धन की बर्बादी की कोई वास्तविक कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। यही कारण है कि गलतियां दोहराई जाती हैं। विडंबना यह है कि भारत में परियोजनाओं की सफलता का मूल्यांकन अक्सर उनकी लागत, लंबाई या उद्घाटन की तारीख से किया जाता है, न कि उनकी डिजाइन आयु और टिकाऊपन से। यदि किसी पुल की अनुमानित आयु सौ वर्ष है, लेकिन वह दस वर्ष में ही बड़ी मरम्मत मांगने लगे, तो उसे सफल परियोजना नहीं कहा जा सकता, चाहे उसका उद्घाटन कितने ही भव्य तरीके से हुआ हो। जलवायु परिवर्तन का तर्क भी अक्सर सामने रखा जाता है। निश्चित रूप से अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। लेकिन यदि विकसित देशों में इन्हीं परिस्थितियों में बने पुल और सड़कें दशकों तक सुरक्षित रह सकती हैं, तो भारत में हर बार प्राकृतिक आपदा को ही दोष नहीं दिया जा सकता। आधुनिक इंजीनियरिंग का उद्देश्य ही बदलती जलवायु को ध्यान में रखकर संरचनाएं तैयार करना है। इस समस्या का एक सामाजिक पक्ष भी है। जब किसी सड़क के बार-बार मरम्मत की आवश्यकता होती है, तो उसकी वास्तविक लागत कई गुना बढ़ जाती है। इसका भुगतान अंततः करदाता करता है। दुर्घटनाओं में जान-माल की हानि अलग होती है। खराब आधारभूत संरचना उद्योग, पर्यटन, परिवहन और निवेश-सभी को प्रभावित करती है। इसलिए यह केवल तकनीकी या प्रशासनिक मुद्दा नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और नागरिक सुरक्षा का प्रश्न भी है। समाधान भी स्पष्ट हैं, बशर्ते उन्हें लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति हो। प्रत्येक बड़ी परियोजना का स्वतंत्र तृतीय-पक्ष गुणवत्ता ऑडिट अनिवार्य होना चाहिए। निर्माण पूरा होने के बाद केवल उद्घाटन नहीं, बल्कि विस्तृत सुरक्षा प्रमाणन सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों को ब्लैकलिस्ट करने की व्यवस्था वास्तव में लागू होनी चाहिए। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) तथा अन्य तकनीकी संस्थाओं की रिपोर्टों पर समयबद्ध कार्रवाई हो। साथ ही, परियोजनाओं की पूरी जानकारी-लागत, ठेकेदार, गुणवत्ता परीक्षण और रखरखाव-जनता के लिए ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए। भारत को विकास की गति धीमी करने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि विकास की गति और गुणवत्ता दोनों साथ चलें। दुनिया में किसी भी देश की पहचान केवल ऊंची इमारतों, लंबे पुलों या चौड़ी सड़कों से नहीं बनती, बल्कि उनसे बनती है जो दशकों तक सुरक्षित, टिकाऊ और भरोसेमंद बनी रहें। यदि हम हर दुर्घटना के बाद केवल शोक व्यक्त करेंगे, मुआवजा घोषित करेंगे और फिर अगली दुर्घटना की प्रतीक्षा करेंगे, तो यह विकास नहीं, बल्कि सार्वजनिक संसाधनों की निरंतर बर्बादी होगी। अब समय आ गया है कि भारत में आधारभूत संरचना का मूल्यांकन केवल उसकी संख्या से नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता, टिकाऊपन और जवाबदेही से किया जाए। क्योंकि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक ताकत उसके उद्घाटनों में नहीं, बल्कि उन संरचनाओं में होती है जो आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित खड़ी रहती हैं।



शिक्षा व्यवस्था

अजय जैन

# शिक्षा व्यापार नहीं, राष्ट्र निर्माण का सर्वोच्च साधन

नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर चला छात्रों का आंदोलन केवल प्रश्नपत्र लीक होने के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि यह देश के करोड़ों युवाओं की उस पीड़ा, निराशा और आक्रोश का प्रतीक रहा है, जिनके सपने बार-बार एक भ्रष्ट और असफल व्यवस्था की भेंट चढ़ जाते हैं। केंद्र तथा राज्य सरकारों की विभिन्न भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का लगातार लीक होना आज देश की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक बन चुका है। प्रत्येक प्रश्नपत्र लीक केवल प्रशासनिक विफलता नहीं है, बल्कि उन लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के विश्वास के साथ विश्वासघात है, जिन्होंने वर्षों की मेहनत, समय और धन इस आशा में लगाया कि उन्हें योग्यता के आधार पर अवसर मिलेगा। इस समस्या का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं है। यह विद्यार्थियों और उनके परिवारों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से भी तोड़ देता है। देश के दूर-दराज गांवों से आने वाले छात्रों की स्थिति और भी अधिक दयनीय है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्हें दिल्ली, कोटा, हैदराबाद और अन्य महानगरों में आना पड़ता है। वे अत्यंत छोटे, भीड़भाड़ वाले कमरों में अमानवीय परिस्थितियों में रहने को विवश होते हैं। देश अभी भी उन दर्दनाक घटनाओं को नहीं भूला है, जब पिछले वर्ष बाढ़ के कारण कई छात्रों की जान चली गई थी। समय-समय पर कोचिंग संस्थानों में आग लगने जैसी घटनाओं ने भी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इससे भी अधिक दुखद यह है कि अनेक छात्र प्रश्नपत्र लीक होने, परीक्षाएं निरस्त होने या बार-बार स्थगित होने के कारण गहरे अवसाद में चले जाते हैं। कुछ छात्र आत्महत्या जैसा भयावह कदम उठाने तक को विवश हो जाते हैं। हर बार परीक्षा रद्द होने का अर्थ है-फिर से तैयारी, फिर से कोचिंग फीस, फिर से किराया, भोजन और जीवन-यापन का खर्च। यह बोझ उन माता-पिताओं के लिए असहनीय हो जाता है, जो अपनी सीमित आय में अपने बच्चों के भविष्य के लिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन की प्रमुख मांग तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की थी। व्यापक जनाक्रोश और छात्रों के दबाव के बीच उन्होंने अपना पद छोड़ दिया। किंतु सबसे बड़ा प्रश्न आज भी हमारे सामने खड़ा है-क्या केवल एक मंत्री के इस्तीफे से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि भविष्य में कोई प्रश्नपत्र लीक नहीं होगा? उत्तर स्पष्ट है-नहीं। समस्या किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन तथा आधुनिक डिजिटल सुरक्षा तकनीकों का युग है। भारत के पास ऐसी तकनीकी क्षमता उपलब्ध है जिससे लगभग पूर्णतः सुरक्षित परीक्षा प्रणाली विकसित की जा सकती है। आवश्यकता केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक ईमानदारी और संस्थागत जवाबदेही की है। दुर्भाग्य से सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही प्रायः तात्कालिक राजनीतिक लाभ-हानि में उलझे रहते हैं, जबकि समस्या कहीं अधिक गहरी है। ऐसा प्रतीत होता है कि पिछले कई दशकों में विभिन्न सरकारों के कार्यकाल के दौरान एक संगठित 'शिक्षा माफिया' विकसित हो गया है, जिसने शिक्षा को सेवा नहीं बल्कि व्यापार बना दिया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा धीरे-धीरे सामान्य नागरिक की पहुंच से बाहर होती जा रही है। एक समय था जब प्री-मेडिकल, प्री-इंजीनियरिंग अथवा विद्यालयी शिक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता सूची तैयार होती थी और उसी के आधार पर व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश मिलता था। आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। हजारों छात्र ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में केवल 'डमी एडमिशन' लेकर अपना अधिकांश समय महंगे कोचिंग संस्थानों में बिताते हैं। आज आवश्यकता सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की है। भर्ती परीक्षाओं को अत्याधुनिक तकनीक से सुरक्षित बनाया जाए, पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो तथा गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा को सुलभ और सशक्त बनाया जाए।

## ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित

दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

## पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग न हो

लोकतंत्रीय व्यवस्था में संविधान के अनुसार हर नागरिक को अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए अभिव्यक्ति/प्रदर्शन व अहिंसक/ शांतिपूर्ण मार्च का अधिकार दिया गया है। किन्तु उसका बेजा उपयोग या दुरुपयोग कानूनी जुर्म होगा। अगर अभिव्यक्ति/प्रदर्शन अहिंसक और शांतिपूर्ण है तो सरकारी कानून-व्यवस्था का अनावश्यक उपयोग भी संविधान के अनुसार गैरकानूनी माना जा सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल ही में पेपर लीक के मामले में सीजेपी द्वारा छात्रों को लेकर अहिंसक प्रदर्शन/आंदोलन व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर संज्ञान लेते हुए यही कहा है कि प्रदर्शनकारी हों या पुलिस, यदि किसी ने भी किसी पर अनावश्यक ज्यादती की है तो वे कानून के दायरे में आएंगे। - *संजय द्विवेदी, हिसार*

## X ट्रेंड f

### परीक्षा संशोधन विधेयक



लोकसभा ने व्यापक बहस के बाद सार्वजनिक परीक्षा संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। यह भारत की परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### हर छात्र का अपमान



रेपिस्ट का बचाव करने वाले व्यक्ति से ज्यादा घटिया और कोई नहीं हो सकता। प्रह्लाद जोशी हमारे शिक्षा तंत्र और उसमें पढ़ने वाले हर छात्र का अपमान हैं। उनके अधीन संस्थानों में करोड़ों युवतियां पढ़ती हैं। भारत की महिलाएं पीएम मोदी के नए शिक्षा मंत्री को कभी स्वीकार नहीं करेंगी।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स



ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं के 69 किलोग्राम भारोत्तोलन इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर हरजिंदर कौर और पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतने पर गुलवीर सिंह को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

- नीतीश कुमार, राज्यसभा सांसद, जदयू

### शिक्षा विभाग में खाली पद



बीजेपी ने अपने 'संकल्प पत्र 2023' के पेज 33 पर लिखित रूप में वादा किया था: "हम शिक्षा विभाग में सभी खाली पदों को एक साल के भीतर भरने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" आज शिक्षा विभाग में खाली पदों की संख्या बढ़कर लगभग डेढ़ लाख हो गई है।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

### पीओके के प्रदर्शनकारी पाक के दुश्मन : रक्षा मंत्री आसिफ

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में प्रदर्शनकारियों को भारत की तरह दुश्मन बताते हुए कहा है कि उनके साथ कोई बातचीत नहीं की जाएगी। इस बीच, पीओके में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़पों में मरने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 20 हो गई। प्रतिबंधित ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने बुधवार को कहा कि सोमवार से पीओके में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ हुई झड़पों में उसके कम से कम 20 कार्यकर्ता मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। हालांकि, कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने मृतकों की संख्या पर सवाल उठाते हुए प्रदर्शनकारियों पर आरोप लगाया



## ऑफ बीट

### भाषाओं को खत्म कर रहा जलवायु परिवर्तन

अमेरिका के वॉशिंगटन राज्य के केलर में रहने वाली पॉलिन स्टेन्सगर का दो मई 2023 में 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया और उनके साथ उनकी भाषा भी खत्म हो गई। पॉलिन 'इन-हा- उम-चीन' भाषा बोलने वाली अंतिम व्यक्ति थीं। वॉशिंगटन राज्य क्षेत्र में अमेरिका के रहने वाले कुछ समूह इस भाषा में बात किया करते थे। पॉलिन के अपनी भाषा के प्रति प्यार को धन्यवाद, जिसकी वजह से हम इस भाषा से पूरी तरह अनजान नहीं हैं। सैलिश स्कूल ऑफ स्पोकाने के प्रधानाचार्य क्रिस्टॉफर पार्किन ने बताया कि पॉलिन स्टेन्सगर ने छह पाठ्यपुस्तकों की रचना की और उनके पास भाषा की 100 से ज्यादा रिकॉर्डिंग हैं।



## संक्षेप

### राष्ट्रीय महासचिव के खिलाफ किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: एसपी सिंह

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा है कि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव माननीय सर्वेश पाठक जी के खिलाफ किसी भी प्रकार की साजिश या संगठन विरोधी गतिविधि को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ का प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में पूरी मजबूती के साथ खड़ा है।संगठन की एकता, अनुशासन और श्रमिक हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।एस.पी. सिंह ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति संगठन की गरिमा को ठेस पहुंचाने या राष्ट्रीय महासचिव के खिलाफ षड्यंत्र करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध संगठन के संविधान और नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, संगठन की एकजुटता बनाए रखें तथा श्रमिकों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें।



### बहराइच में नीम के पेड़ पर उभरी हनुमान जी जैसी आकृति, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु





अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत सोरहिया गांव में एक विशाल नीम के पेड़ पर शनिवार सुबह हनुमान जी जैसी आकृति दिखाई दी।इस सूचना के फैलते ही मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच गए और पेड़ की पूजा-अर्चना शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार सुबह उन्हें नीम के पेड़ के तने पर हनुमान जी की आकृति दिखाई दी, जिसके बाद यह खबर आसपास के क्षेत्रों में तेजी से फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचने लगे और श्रद्धा भाव से पूजा-पाठ करने लगे। हालांकि, इस आकृति की वास्तविकता को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसे कुछ लोग आस्था और चमत्कार से जोड़ रहे हैं, जबकि अन्य लोग इसे प्राकृतिक आकृति या वैज्ञानिक कारणों का परिणाम मान रहे हैं। फिलहाल यह विषय चर्चा और जांच का केंद्र बना हुआ है।

# सेंट जेवियर्स स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

## छात्रों के अभिनव मॉडलों ने जीता सभी का दिल

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच।सेंट जेवियर्स स्कूल, बरखुरद्दारापुर, कैसरगंज में शनिवार को भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा जंगल एवं पर्यावरण संरक्षण, जल के स्रोत एवं जल संरक्षण, सौरमंडल, विभिन्न प्रकार के भवन, मानव शरीर के अंग, ऊर्जा के स्रोत, प्राकृतिक संसाधन तथा दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग जैसे विषयों पर सुंदर एवं कार्यशील मॉडल तैयार किए गए। छात्रों ने न केवल इन मॉडलों का प्रदर्शन किया, बल्कि उनके निर्माण की प्रक्रिया, वैज्ञानिक सिद्धांत और उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कई मॉडलों को विद्यार्थियों ने चलाकर भी दिखाया, जिससे आगंतुकों को उनके कार्य करने की विधि को समझने का अवसर मिला। विद्यालय में आयोजित इस प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंचे। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर छात्रों से उनके प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने मॉडल की विशेषताओं, वैज्ञानिक तथ्यों और उसके सामाजिक महत्व को सरल भाषा में समझाया। बच्चों की प्रस्तुति, ज्ञान और आत्मविश्वास से अभिभावक काफी प्रभावित हुए तथा उन्होंने उनकी खुले दिल से सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार की विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर प्रयोगात्मक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।इससे बच्चों में जिज्ञासा, अनुसंधान की भावना, तार्किक सोच, समस्या समाधान की क्षमता तथा नवाचार के प्रति रुचि विकसित होती है।विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से यह संदेश भी दिया कि विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। विद्यालय प्रबंधन ने प्रदर्शनी की सफलता पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उचित मंच मिल सके और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निरंतर विकास हो। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, जिज्ञासा और सीखने का अनूठा वातावरण देखने को मिला।

# बीईओ जेबी चौधरी के निर्देशन में आयोजित हुई कहानी बनाओ-कहानी सुनाओ प्रतियोगिता

## कहानी के मंच पर निकली प्रतिभाएं, देवलखा में हुआ आकर्षक आयोजन

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच।खंड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज जेबी चौधरी एवं एआरपी (नोडल अकादमिक रिसोर्स पर्सन) रसल रघुवंशी के निर्देशन में शिक्षा क्षेत्र कैसरगंज के प्राथमिक विद्यालय देवलखा में कहानी बनाओझकहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भाषा कौशल, रचनात्मक सोच, कल्पनाशक्ति एवं प्रभावी अभिव्यक्ति का विकास करना था।प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी मौलिक कहानियों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जेबी चौधरी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।प्रतियोगिता का मूल्यांकन एसआरजी मनोज कुमार दीक्षित, प्रीति श्रीवास्तव, एडवोकेट शिवनाथ शिखर, शेखर श्रीवास्तव एवं पूरन लाल चौधरी ने निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में किया।प्राथमिक वर्ग में समर वर्मा (प्राथमिक विद्यालय देवलखा) ने प्रथम, सोनम (प्राथमिक विद्यालय मरौठी) ने द्वितीय तथा रिया मौर्या (कंपोजिट विद्यालय बंभीवा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग में मारिया बानो (कंपोजिट विद्यालय पचम्बा) ने प्रथम, अंशिका (उच्च प्राथमिक विद्यालय कसेहरी बुजुर्ग) ने द्वितीय तथा अमृता राव (उच्च प्राथमिक विद्यालय अवस्थी पुरवा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में आशीष रतन श्रीवास्तव, सौम्या त्रिपाठी एवं विनोद कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर भागवत प्रसाद, पंकज मिश्रा, जितेंद्र कुमार, सुधीर पटेल, कमलेश राव, राजश्री मौर्या, साधना सिंह, सुशील सिंह, सुशील कुमार, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।अंत में विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# कैसरगंज तहसील दिवस में पहुंचीं 88 शिकायतें, मौके पर छः का निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक की अध्यक्षता एवं निगरानी में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 88 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से 6 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निदेशों के साथ भेजा गया।संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें पुलिस, राजस्व एवं विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार मीना गौड़,



पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार बिशेश्वर शर्मा, नायब तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा, खंड विकास अधिकारी फखरपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई फरियादियों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अष्टधातु की प्राचीन मूर्ति बताकर करोड़ों की ठगी की साजिश नाकाम

## रूपईडीहा पुलिस ने सात शातिर ठगों को दबोचा

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर भगवान बुद्ध की साधारण धातु की मूर्ति को प्राचीन अष्टधातु की दुर्लभ एवं बहुमूल्य मूर्ति बताकर लोगों से ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का रूपईडीहा पुलिस ने पदार्फाश किया है।पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भगवान बुद्ध की एक धातु की मूर्ति, तीन मोटरसाइकिलें, सात मोबाइल फोन तथा नकदी बरामद की है।पुलिस के अनुसार आरोपी भारत से नेपाल में लोगों को झांसे में लेकर ऊंची कीमत पर मूर्ति बेचने की फिराक में थे। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा चिंतांशु गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम को यह सफलता मिली।थाना प्रभारी रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को शनिवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि साई गांव के जंगल में एक गिरोह नकली मूर्ति को अष्टधातु की प्राचीन मूर्ति बताकर बेचने की तैयारी कर रहा है।सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी करते हुए बदलदास मंदिर के पास सुबह लगभग 6:08 बजे सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से करीब 8 इंच ऊंची एवं 4.960 किलोग्राम वजन की भगवान बुद्ध की धातु की मूर्ति



बरामद हुई। इसके अलावा तीन मोटरसाइकिलें, सात मोबाइल फोन तथा कुछ नकदी भी बरामद की गई।गिरफ्तार आरोपियों में रज्जान अली उर्फ काले खां, मन्नू उर्फ दिलदार, आजाद अली, रिजवान, महफूज, साकिर अली तथा समीर उर्फ नूर मोहम्मद शामिल हैं।पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह साधारण धातु की मूर्ति को अष्टधातु की प्राचीन और बहुमूल्य मूर्ति बताकर भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर मोटी रकम ऐंठता था।गिरोह की गतिविधियां भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में संचालित हो रही थीं।पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना रूपईडीहा पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार मुख्य आरोपी रज्जान अली उर्फ काले खां के विरुद्ध पूर्व से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया तथा इसके तार अन्य राज्यों अथवा नेपाल तक जुड़े हैं या नहीं।

# सीमा क्षेत्र से तस्करी कर नेपाल को भेजी जा रही भारतीय यूरिया

## 20 बोरी यूरिया व टैंपो को एसएसबी ने किया जब्त

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। जिले में धान रोपाई का सीजन खत्म हो गया है अब धान की फसलों में किसान यूरिया लगा रहे हैं लेकिन भारतीय यूरिया की तस्करी नेपाल में जोरों पर हो रही है इसका जीता जागता प्रमाण यह है कि शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारत नेपाल सीमा क्षेत्र से एक टेंपो यूरिया की खेप पड़कर कस्टम के हवाले कर दिया। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र अंतर्गत एसएसबी 59 वीं वाहिनी की सीमा चौकी लौकाही के जवानों द्वारा भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में गस्ती के दौरान उर्वरक से लदा एक सीएनजी ऑटो टेंपो नेपाल सीमा क्षेत्र की ओर आता दिखाई दिया जिसे जवानों ने रोक कर कागजात मांगा लेकिन वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।इस पर जवानों ने उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद टेंपो व 20 बोरी यूरिया को मिहींपुरवा कस्टम के हवाले कर दिया। आपको बताते चलें कि जनपद के किसान यूरिया खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं उन्हें दोगुनी से अधिक दामों पर यूरिया खरीदनी पड़ रही है वहीं तस्कर इसका लाभ उठाकर नेपाल को महंगे दामों में बेचकर माला माल हो रहे हैं।इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सूबेदार यादव ने बताया कि यूरिया पकड़े जाने की हमें कोई सूचना एसएसबी व कस्टम द्वारा नहीं दी गई है अब जानकारी मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसपी ने निर्माणाधीन स्मार्ट ग्राम भरतपुर का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार की गोद में बसे जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के विस्थापित परिवारों के लिए ग्राम सेमरहना में विकसित किये जा रहे स्मार्ट गांव भरतपुर का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि डीएम श्री त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार व बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभाग अपने अपने हिस्से की आहूति डालकर भरथापुर ग्राम के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट ग्राम का निर्माण करने में निरन्तर अग्रसर हैं।

भरतपुर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आवासीय भवनों का निर्माण कार्य लिन्टर स्तर तक पूर्ण कर लिया गया है। विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगाकर विद्युत लाईने बिछाकर कर विद्युत आपूर्ति से ग्राम को आच्छादित किया जा चुका है। जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक गलियों के प्रथम फेज अन्तर्गत मिट्टी भराई के उपरान्त गिट्टी डालकर रोड रोलर से कमपैक्शन का कार्य पूर्ण कर रोड़ का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा भी ग्राम में सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप स्मार्ट ग्राम के विकास में होने वाले कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं मानक के साथ समयबद्धता के साथ पूर्ण करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मैडम आवास तो मिल गया ,मजदूरी का पैसा भी दिला दीजिए

## लाभार्थी के बजाए दूसरे के खाते में पैसा भेज कर किया हेरा फेरी

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को तहसील मिहींपुरवा में एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मोतीपुर की नाजिया पत्नी नफीस ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी को पत्र सौंपते हुए कहा कि मैडम आवास तो मिल गया लेकिन आवास के निर्माण के लिए मिलने वाली मजदूरी का पैसा नहीं मिला है दो बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया हूं लेकिन अधिकारियों ने फर्जी रिपोर्ट लगा दी है। हमारा पैसा दिला दीजिए एसडीएम ने पीड़ित को आश्वासन दिया की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। आपको बताते चलें कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थी नाजिया ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि प्रार्थी को आवास मिले काफी समय हो गया लेकिन उसे आवास निर्माण के लिए मिलने वाले मजदूरी का पैसा लाभार्थी के खाते में ना भेज कर किसी अन्य के खाते में भेज कर अधिकारियों ने हेरा फेरी कर पैसा निकाल लिया है। पीड़ित काफी दिन से कार्यालयों का चक्कर काट कर परेशान हो रही है।

# 587.7 लीटर अवैध शराब बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ थाना रुपईडीहा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में बड़ी सफलता हासिल की है। संयुक्त टीम ने कुल 587 लीटर 700 ग्राम अवैध शराब बरामद करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त 10 साइकिलें भी बरामद की गई हैं।रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार थाना रुपईडीहा पुलिस ने भगवानपुर करींगा गांव के बाहर बघौरा कर्बला के पास से मिथुन 28 वर्ष निवासी पहलाद गांव को गिरफ्तार किया।उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।दूसरी कार्रवाई में रुपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 649/4 के पास से कैलाश चौहान 32 वर्ष एवं झब्बर चौहान 54 वर्ष, निवासी कोडरी, निधिनगर संकल्पा को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से 259 शीशियों में कुल 77 लीटर 700 ग्राम अवैध नेपाली शराब तथा शराब ढोने में प्रयुक्त दो साइकिलें बरामद की गईं।इसी क्रम में तीसरी कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम ने पिलर संख्या 654/11 के पास से सुन्दरलाल 55 वर्ष निवासी पंडितपुरवा को गिरफ्तार किया। आरोपी आठ साइकिलों पर बोरियों में लगभग 500 लीटर अवैध कच्ची शराब ले जा रहा था।तीनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

# तहसील नानपारा में विधायक की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

## डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ की जनसुनवाई

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह अगस्त 2026 के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा की उपस्थिति में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए।सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीडी एग्री विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में प्राप्त 65 प्रार्थना-पत्रों में से 08 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील कैसरगंज में प्राप्त 98 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 06, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 42 के सापेक्ष 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में प्राप्त 48 के सापेक्ष 02, महसी में प्राप्त 24 के सापेक्ष 03 व पयागपुर में प्राप्त 59 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 07 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# कांग्रेस नेता अनंगपाल सिंह बड़कऊ के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं युवा कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी अनंगपाल सिंह बड़कऊ के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता और आम लोग पहुंचे तथा अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रियाजुल हक मुन्ना एवं नगर अध्यक्ष शादाब पहलवान के संयुक्त तत्वावधान में शोकसभा आयोजित की गई।कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनय सिंह, किसान कांग्रेस के महासचिव सतेन्द्र मोहन श्रीवास्तव सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने भी शोक संदेश जारी कर अनंगपाल सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया।उन्होंने उनके पुत्र सशस्त्र प्रताप सिंह (सुमित) को भेजे संदेश में कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा है।

# लेखपाल संघ ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, उप शाखा कैसरगंज ने शनिवार को अपनी छह सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी कैसरगंज के माध्यम से अध्यक्ष राजस्व परिषद के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी कि यदि वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष पवन चौहान ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में एक साथ ज्ञापन देकर सरकार का ध्यान लेखपालों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए कई बार शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे प्रदेश भर के लेखपालों में असंतोष व्याप्त है। संघ ने चेतावनी दी है कि 5 अगस्त 2026 से अतिरिक्त लेखपाल क्षेत्रों के कार्य का बहिष्कार किया जाएगा, जबकि 10 अगस्त 2026 से सभी ऑनलाइन कार्यों का भी बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। यदि इसके बाद भी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील मंत्री चन्द्रकेश मौर्य, सत्यपाल, रोहित पाल, दिनेश चन्द्र आर्य, शादाब अहमद, अतुल कुमार, रूपेन्द्र सिंह, नीटू सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, शैलजा सिंह, विवेक वर्मा, शिवराज वर्मा, लवलेश वर्मा, शिवम वर्मा, दुर्गेश कुमार, संजीव रवि, शहनवाज आलम, आशुतोष मिश्रा, महावीर राय सहित बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मकान का लेंटर गिरने से ससुर-दामाद समेत 3 की मौत

**मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला, एक साल से काम चल रहा था**

बागपत ,निर्माणाधीन मकान का लिंटर गिरने से ससुर-दामाद समेत मौत हो गई। मकान का निर्माण पिछले एक साल से चल रहा था। चार दिन पहले छज्जे का लिंटर डाला गया था। गुरुवार को ससुर-दामाद समेत तीन मजदूर उस पर काम कर रहे थे। तभी अचानक तेज आवाज के साथ लिंटर भरभराकर गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मलबे में दबे तीनों मजदूरों को बाहर निकाला गया। इनमें ससुर-दामाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल मजदूर को उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना शाम करीब 5:30 बजे छपरौली कस्बे की है। मृतकों की पहचान छपरौली निवासी राघू पुत्र सुखबीर (55 वर्ष) रोबिन पुत्र पालेराम (32 वर्ष) और मजदूर कल्लू पुत्र सेवाराम (40 वर्ष) छपरौली के रूप में हुई यह हादसा परवेज पुत्र बाबू के मकान पर हुआ, जहां लगभग एक साल से निर्माण कार्य चल रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि लेंटर चार दिन पहले ही डाला गया था। तीनों मजदूर इसी लेंटर पर काम कर रहे थे, तभी अचानक तेज आवाज के साथ यह गिर गया। घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घायल मजदूर का अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूरज राय ने बताया- छपरौली क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान का लिंटर गिरने की सूचना मिली थी। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मौके पर राहत एवं बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है। मामले में पुलिस आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### सिसाना में कार-पिकअप टक्कर, दो लोग घायल

**यू-टर्न लेते समय हुआ हादसा, अस्पताल में भर्ती**

बागपत , कोतवाली क्षेत्र के सिसाना गांव के पास देर रात एक सड़क हादसे में पिकअप चालक समेत दो लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब एक बोलोरो पिकअप यू-टर्न ले रही थी और बागपत की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, सूजरा निवासी बोलोरो पिकअप चालक मनोज सिसाना के पास अपने वाहन को यू-टर्न दे रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही कार ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज सहित दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को वाहन से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कराया गया कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। फिलहाल इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# फतेहपुर के हिमांशु अवस्थी को नियुक्त किया गया राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष

## जहानाबाद विधानसभा के कापिल गांव निवासी प्रतिनिधि करेंगे प्रदेश का नेतृत्व

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। देश तथा प्रदेश में अपना वर्चस्व बढ़ा रही बहुचर्चित राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा संगठन ने विस्तार करते हुए प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति के पश्चात प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर फतेहपुर जनपद के जहानाबाद विधानसभा के राजघराने से अभिभूत कापिल गांव निवासी हिमांशू अवस्थी को उत्तरदायित्व सौंपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने अंग वस्त्र माल्यार्पण कर संगठन को मजबूती प्रदान करने का विश्वास जताते हुए नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष को लखनऊ स्थित कार्यालय में हार्दिक शुभकामनाएं



दी पार्टी कार्यालय में नियुक्त हुए प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशू अवस्थी की जानकारी जैसे ही जनपद के पदाधिकारियों को हुई तो जनपद के राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा जिलाध्यक्ष राजीव मिश्रा समेत संगठन के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास मनाते हुए नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष को ढेरों शुभकामनाएं दी वही जनपद के कार्यकताओं ने गर्व महसूस करते हुए बताया कि राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशू अवस्थी तथा उनके परिजन पूर्व काल से कांग्रेसी थे जिन्होंने समाज सेवा करते हुए राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की नीतियां तथा कार्य शैली से प्रभावित होकर प्रदेश के उपाध्यक्ष को स्वीकार करते हुए प्रदेश ही नहीं अपितु जनपद तथा जहानाबाद विधानसभा का गौरव बढ़ाया वहीं नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु अवस्थी ने संगठन एवं राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र हित तथा जनहित के सभी मुद्दों पर गांव-गांव पहुंचकर चर्चा करना तथा आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारकर उसे विजय हासिल कराना उनका परम दायित्व होगा वही सरकार बनने के पश्चात गरीब असहाय लोगों की मदद करना उनका परम कर्तव्य होगा।

# प्रशासन की छापेमारी में धरे गए पांच जुंआरी अन्य की खोज जारी

## ताश के पत्ते समेत मौके पर बरामद हुए 42500 रुपए नगद

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत काफी दिनों से आ रही जुए की फड़ की सूचना को लेकर अमौली चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा ने क्षेत्र के भगौनापुर गांव के समीप कनेरा मैचक नहर के समीप हो रहे जुए में छापेमारी की जहां एक आम के बगीचे में जुआ खेल रहे जुआरियों की घेराबंदी करते हुए पुलिस प्रशासन ने छापा डाला प्रशासन को देख जुआरी भाग खड़े हुए वहीं मौके पर पांच जुआरी पकड़े गए अमौली चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा उपनिरीक्षक सौरभ पाण्डेय समेत भारी पुलिस बल ने मौके पर पकड़े गए पांच जुआरियों की तलाशी ली वहीं फड में ताश के



52 पत्ते बरामद हुए तथा तलाशी लेने पर 42500 नगदी बरामद हुई जुए के फड़ में ही खड़ी दो मोटरसाइकिल तथा चार मोबाइल फोन भी प्रशासन ने बरामद किए मौके पर गिरफ्तार किए गए आरोपी रामऔतार पुत्र मिठाई लाल बलवीर पुत्र राम प्रसाद निवासी रेंगना अंबिका प्रसाद निवासी मदरी थाना चांदपुर महेंद्र पुत्र रामस्वरूप त्रिभुवन पुत्र रमेश चंद्र निवासी नसेनिया थाना जहानाबाद को गिरफ्तार कर पूछताछ प्रारंभ की फरार आरोपियों की पूछताछ की गई जहां गिरफ्तार हुए जुआरियों ने फरार कुछ आरोपियों के बारे में जानकारी दी वही चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा ने बताया कि फरार आरोपियों की भी पहचान कर तलाश की जा रही है तथा पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# ट्यूशन को निकले छह बच्चे लापता, 30 घंटे बाद मिले

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , भावनपुर थाना क्षेत्र से ट्यूशन के लिए निकले छह छात्र करीब 30 घंटे बाद हरिद्वार में मिल गए। दोपहर घर से निकले छात्र ट्यूशन नहीं पहुंचे तो परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस हरिद्वार पहुंची, जहां सभी छात्र सुरक्षित मिले। देर रात वीडियो कॉल के जरिए बच्चों की परिजनों से बात कराई गई, जिसके बाद परिवारों ने राहत की सांस ली। पुलिस के मुताबिक, शुरूआती जांच में सामने आया है कि सभी छात्र पहले से योजना बनाकर घर से निकले थे। फिलहाल उन्हें मेरठ लाने की कार्रवाई की जा रही है।

### ट्यूशन के लिए निकले थे, पहुंचे ही नहीं

ज्ञान कुंज कॉलोनी निवासी बब्बल कुमार का बेटा सूरज सिंह दोपहर अपने दोस्तों के साथ ट्यूशन के लिए निकला था। कुछ देर बाद जब परिजनों ने ट्यूशन टीचर से बात की तो पता चला कि सूरज और उसके साथी वहां पहुंचे ही नहीं। इसके बाद सभी परिवारों में अफरा-तफरी मच गई। सूरज के साथ उसके दोस्त संगीत चौहान, आयुष, अभिषेक, कार्तिक और देव सैनी भी घर से ट्यूशन के लिए निकले थे, लेकिन सभी लापता हो गए। सभी एक ही स्कूल में पढ़ते हैं और साथ ही ट्यूशन जाते थे।

### प्लानिंग के साथ निकले थे छात्र

पुलिस जांच में पता चला कि सभी छात्र पहले से योजना बनाकर घर से निकले थे। परिजनों ने बताया कि सूरज के कुछ कपड़े घर से गायब थे। वहीं संगीत अपने साथ 5 हजार रुपये भी ले गया था, जो स्कूल की फीस जमा करने के लिए दिए गए थे।

### सीसीटीवी से मिला सुराग, हरिद्वार पहुंची पुलिस

पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें सभी छात्र एक साथ जाते दिखाई दिए। इसके बाद उनकी लोकेशन हरिद्वार में मिली।

# एटीएम बदलकर टप्पेबाजों ने लगाया 267000 का चूना

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव जिगनी निवासी नाबालिक किशोर रिजवान पुत्र इंदुल के साथ टप्पेबाजों ने एटीएम बदलकर लाखों रुपए का चूना लगाया पीड़ित ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह कल शनिवार सुबह समय बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पहुंचा तथा पैसा निकालने लगा किसी कारण बस एटीएम बूथ से पैसे नहीं निकले तो वह वापस जाने लगा ठीक उसी समय दो अज्ञात युवक मुंह में मास्क लगाए हुए एटीएम बूथ के अंदर घुसे तथा किशोर रिजवान से पूछा तो उसने बताया पैसे नहीं निकल रहे यह सुनकर युवकों ने कहा मुझे एटीएम दो हम देखते हैं अज्ञानता बस नाबालिक किशोर ने एटीएम दे दिया वही चंद मिनट में ही अज्ञात युवकों ने पैसा ना होने की बात बता कर उसे एटीएम वापस कर दिया रिजवान अपनी बहन के खाते से किसी जरूरी कार्य हेतु पैसा निकालने के लिए आया था जैसे ही घर पहुंचा तो कुछ समय पश्चात फोन पर मैसेज आया जिसमें खाते से 2 लाख 67000 निष्कासित किए गए यह मैसेज देखते ही परिजनों में हाहाकार मच गया वही देखा गया कि एटीएम भी बदल गया आनन फानन खाताधारक महिला ने कोतवाली बिंदकी में लिखित प्रार्थना पत्र दिया वहीं संज्ञान में लेते हुए थाना कोतवाली प्रभारी शैलेश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कराई वहीं जानकारी लेने पर बताया मामले की जांच की जा रही है

# सक्रिय प्रशासन ने 24 घंटे के अंदर बकरी चोरों को किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव शाहजहांपुर में ग्रामीण अनिल कुमार की बकरी चुराने वाले चोरों को पुलिस प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस शुक्रवार को ग्रामीण ने थाना बकेवर में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल से आकर बकरी चोरी कर ले गए वहीं मुकदमा दर्ज करते हुए थाना प्रभारी दिवाकर सिंह ने खोजबीन प्रारंभ की साक्ष्य जुटाते हुए थाना प्रभारी ने 23 वर्षीय युवक राजकुमार पुत्र स्वर्गीय सुखवासी तथा 26 वर्षीय युवक कृष्ण पुत्र कमलेश प्रजापति निवासी पधारा थाना बकेवर को नहर पुलिया बैरागी खेड़ा के समीप से गिरफ्तार किया वहीं बाइक से सवार तथा बकरी लिए युवकों से प्रशासन ने कड़ी पूछताछ की जहां चोरों ने शाहजहांपुर गांव में हुई घटना को स्वीकार किया चोरों ने बताया कि बकरी चुराकर वह औरैया ले जा रहे थे वही दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए थाना प्रभारी ने जेल भेज दिया

# मानसिक बीमारी से ग्रसित युवक ने जहर खाकर किया आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के कल्यानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पहुर निवासी 18 वर्षीय युवक राजकुमार पुत्र मनदीप पाण्डेय ने कल शनिवार सुबह पहर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया परिजनों को जैसे ही जानकारी मिली तत्काल परिजन युवक को उपचार के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज ले गए जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात युवक को जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया जनपद में चिकित्सकों ने उपचार करते हुए हालत अत्यंत गंभीर देख युवक को कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर किया जहां कानपुर ले जाते समय नवयुवक की सांसें रास्ते में ही थम गई यह जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने दो बहनों के बीच परिवार का इकलौता चिराग था परिजनों ने बताया मृतक काफी दिनों से मानसिक बीमारी से ग्रसित था वही इस घटना से पूरे परिवार समेत गांव में शोक की लहर दौड़ गई

# एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील के जनसभागार में शनिवार को उप जिलाधिकारी ब्रज मोहन शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से प्रशासन को अवगत कराया। उप जिलाधिकारी ने एक-एक फरियादी की शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी प्रकरणों का निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, पंचायत, नगर निकाय, चकबंदी, समाज कल्याण तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी तरीके से किया जाए तथा शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों का मौके पर निस्तारण संभव है, उन्हें तत्काल निपटाया जाए तथा शेष प्रकरणों में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या



अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर भूमि विवाद एवं अन्य संवेदनशील मामलों का शीघ्र समाधान करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी, तहसीलदार साक्षी राय, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, स्थानीय निकाय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का भरोसा दिलाया। संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से प्रशासन ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान तथा सुशासन की भावना को मजबूत करना शासन एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# सांसद ने उठाई खड़ौली क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर की मांग

## डॉ राजकुमार सांगवान ने नितिन गडकरी से की मुलाकात कर रखे क्षेत्र के प्रस्ताव

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात कर मेरठ के खड़ौली क्रॉसिंग पर रोड फ्लाईओवर के निर्माण और दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग-58 के चौड़ीकरण की मांग उठाई। सांसद ने कहा कि यह समस्या पिछले करीब दस वर्षों से बनी हुई है, जिससे प्रतिदिन लाखों लोगों को जाम, लंबा चक्कर और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने बताया कि भोला रोड मेरठ शहर को भोला की झाल, पुरा महादेव मंदिर और आसपास के दर्जनों गांवों से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। खड़ौली क्रॉसिंग पर राष्ट्रीय राजमार्ग-58 को पार करने की व्यवस्था पर्याप्त



नहीं होने के कारण लोगों को कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, जिससे हाईवे पर अक्सर लंबा जाम लग जाता है और आठ किलोमीटर की दूरी तय करने में कई-कई घंटे लग जाते हैं। डॉ. सांगवान ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि खड़ौली क्रॉसिंग पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिहाज से यहां फ्लाईओवर या आरओबी का निर्माण बेहद जरूरी है। सांसद ने यह भी कहा कि यह मार्ग धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के दौरान पुरा महादेव मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है, जिससे यातायात का दबाव और बढ़ जाता है। ऐसे में स्थायी समाधान के लिए खड़ौली क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर का निर्माण और दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग-58 बाईपास का चौड़ीकरण कराया जाना आवश्यक है। मुलाकात के दौरान सांसद ने भविष्य में बढ़ते यातायात को ध्यान में रखते हुए अन्य प्रमुख स्थानों पर भी फ्लाईओवर निर्माण की योजना तैयार करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।

# जलभराव को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त

**बिना जांच नाला सफाई के किसी भी ठेकेदार का भुगतान नहीं होगा, निकासी के लिए बनेगा सम्पवेल**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,शहर में बारिश के दौरान हुए जलभराव और ट्रैफिक जाम के बाद नोएडा प्राधिकरण एक्शन मोड में आ गया है। सीईओ कृष्णा करुणेश ने साफ कर दिया है कि अब नाला सफाई करने वाले किसी भी ठेकेदार का भुगतान बिना जांच के नहीं होगा। कार्य का सत्यापन फोटो, मौके के निरीक्षण और जांच अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। महामाया फ्लाईओवर के नीचे जलभराव से स्थायी राहत दिलाने के लिए वहां सम्पवेल बनेगा। बारिश के दौरान शहर के कई हिस्सों में जलभराव की शिकायतें सामने आने के बाद सीईओ ने सभी वर्क सर्किल अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि नाला सफाई के सभी कार्यों की दोबारा जांच होगी। जब तक जांच रिपोर्ट संतोषजनक नहीं होगी, तब तक किसी भी ठेकेदार का भुगतान जारी नहीं किया जाएगा। इन अधिकारियों को बनाया नोडलवर्क सर्किल-1 से 5 तक के ठेकेदारों की जांच की जिम्मेदारी ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह को सौंपी गई है।

# 40 लाख की ड्रग्स के साथ पकड़ा पायलट

**लग्जरी कार में छिपाकर लाया, नोएडा की पॉश सोसाइटी में निवास;प्लेन उड़ाता था**

अमन लेखनी समाचार

गुरुग्राम ,एक प्राइवेट एयरलाइन का पायलट ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ पकड़ा गया। वो अपनी लग्जरी कार में ड्रग्स को नोएडा से छिपाकर लाया था। ड्रग्स की मात्रा 814 ग्राम है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 40 लाख रुपए के करीब आंकी जा रही है। आरोपी के पास एयर पायलट लाइसेंस है और वह पहले एक प्राइवेट एयरलाइन में पायलट के तौर पर काम करता था, लेकिन अभी वह प्राइवेट फर्म में चार्टर्ड प्लेन उड़ाता है। क्राइम ब्रांच ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से इसको लेकर जानकारी मिल रही थी। जिसके बाद सुबह 10 बजे सेक्टर-103 के पास नाकाबंदी कर एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया। केरल का रहने वाला है आरोपीः पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान केरल निवासी अरशद अली (32) उर्फ अज्जू के रूप में की है। वह वर्तमान में गुरुग्राम के दौलताबाद स्थित लैंडमार्क सोसायटी में रह रहा था। प्राइवेट एयरलाइंस में था पायलटः जांच में सामने आया कि अरशद एक नामी प्राइवेट



एयरलाइंस में बतौर पायलट काम करता था। वो वीआईपी चार्टर्ड प्लेन उड़ाता है। पुलिस के अनुसार, वह नौकरी की आड़ में लंबे समय से ड्रग्स तस्करी में शामिल था। 814 ग्राम साथ गिरफ्तारीः क्राइम ब्रांच सेक्टर-39 को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक कार में भारी मात्रा में ड्रग्स लेकर गुरुग्राम पहुंचने वाला है। इसके बाद सेक्टर-103 के पास नाकाबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पार्किंग विवाद पर रेजिडेंट से मारपीट

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा , वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज-1 सोसाइटी में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक रेजिडेंट से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें कुछ युवक एक व्यक्ति को पीटते दिखाई दे रहे हैं। बिसरख थाना क्षेत्र के निवासी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि घटना शाम की है। उनकी कार की बैटरी खराब थी और वे उसे ठीक कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गाड़ी कुछ देर के लिए सोसाइटी निवासी रजत की पार्किंग में खड़ी कर दी थी। गाड़ी हटाने की बात पर हुआ झगड़ा जयप्रकाश के मुताबिक, रजत वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। उन्होंने गाड़ी हटाने की बात कही, लेकिन रजत ने



किसी को फोन कर बुला लिया। थोड़ी देर बाद तीन-चार लोग मौके पर पहुंचे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उन्हें बुरी तरह पीटा गया और उनके कान में चोट आई। घटना का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जयप्रकाश शर्मा का कहना है कि उन्होंने पुलिस में शिकायत दी थी, लेकिन उस समय केवल एनसीआर दर्ज की गई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक, महाराष्ट्र सरकार करेगी सहयोग

**उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से की मुलाकात, कोठी मीना बाजार में स्मारक निर्माण पर बनी सहमति**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार को आगरा की ऐतिहासिक कोठी मीना बाजार में छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं आगरा दक्षिण से विधायक योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से उनके आवास पर मुलाकात कर स्मारक निर्माण में महाराष्ट्र सरकार के सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

मुलाकात के दौरान योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ऐतिहासिक शोध के अनुसार आगरा की कोठी मीना बाजार वही स्थान है, जहां मुगल सम्राट औरंगजेब ने छलपूर्वक छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र को नजरबंद रखा था। इसी स्थान से शिवाजी महाराज ने अपनी अद्भुत रणनीति, साहस और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए मुगल पहरे से निकलकर इतिहास रचा था।

उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक स्थल पर शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक स्थापित करने के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोठी के अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसके पूरा होते ही स्मारक निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार मिलकर ऐसा स्मारक विकसित करेंगी, जो राष्ट्रीय एकता, भारतीय शौर्य और गौरव का प्रतीक बने। उनका कहना था कि आगरा आने वाले पर्यटक भविष्य में ताजमहल के साथ-साथ छत्रपति शिवाजी महाराज के स्मारक का भी अवलोकन कर सकेंगे। यह स्मारक नई पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के साथ देश के स्वाभिमान और वीरता का संदेश भी देगा।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार स्मारक निर्माण में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य करेगी। बैठक में महाराष्ट्र के नेता सुनील कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले योगेन्द्र उपाध्याय ने महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री आशीष शेलार से भी इस विषय पर विस्तृत चर्चा की थी।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# गरौठा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह को भावभीनी विदाई

**एरच थाना प्रभारी का संभाला कार्यभार**

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। गरौठा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह का स्थानांतरण थाना प्रभारी निरीक्षक एरच के पद पर होने पर शनिवार को कोतवाली परिसर में भावभीने माहौल में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में थाना स्टाफ, नगर के संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं पत्रकारों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं। कोतवाली गरौठा में लगभग छह माह के कार्यकाल के दौरान प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और पुलिस-जन संवाद को प्राथमिकता दी। उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाई। आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यशैली के कारण उन्होंने क्षेत्र के लोगों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया। विदाई समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सुरजीत सिंह ने अपने कर्तव्यनिष्ठ व्यवहार, अनुशासन और सहज कार्यशैली से पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को मजबूत किया। उन्होंने हर वर्ग के लोगों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उपस्थित लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी नई तैनाती पर भी इसी समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। अपने संबोधन में प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह ने कहा कि गरौठा में उन्हें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों और क्षेत्रवासियों का भरपूर सहयोग एवं स्नेह मिला, जिसे वह सदैव याद रखेंगे। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय ही कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

# दुकान पर गुण्डई कर शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निदेर्शानुसार जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के कुशल निर्देशन में थाना करमा पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना करमा क्षेत्रान्तर्गत दुकान पर गुण्डई एवं दबंगई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की सूचना प्राप्त हुई। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना करमा पुलिस द्वारा जांच की गई, जिसमें उक्त कृत्य में संलिप्त अभियुक्त विशाल सिंह उर्फ विपुल सिंह पुत्र स्वर्गीय वंशराज सिंह निवासी पटैला, थाना करमा, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध शांति व्यवस्था भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की रोकथाम के दृष्टिगत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया। साथ ही अभियुक्त के कब्जे में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन संख्या वढ64अह8906 को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया।

# अनपरा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में 02 माह से फरार चल रहा गैंग लीडर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित गैंग लीडर को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 89/2026 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम में 02 माह से फरार चल रहे अभियुक्त गैंग लीडर रोहित मल्लाह पुत्र स्वर्गीय राम जियावन निवासी खड़िया बाजार, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 24 वर्ष को समय करीब 16:00 बजे थाना अनपरा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# अनपरा पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। थाना अनपरा पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# जनपद सोनभद्र के 03 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा सम्मानित कर दी गई भावभीनी विदाई

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में नियुक्त कुल 03 पुलिसकर्मी अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण/ऐच्छिक सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों में उ0नि0ना0पु0 तेजबहादुर उ0नि0ना0पु0 भैयालाल यादव (ऐच्छिक सेवानिवृत्ति) एवं मु0आ0स0पु0 जोखन सिंह यादव शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा सेवानिवृत्त तीनों पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस विभाग में दी गई दीर्घकालीन, निष्ठापूर्ण एवं समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस सेवा में रहते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य एवं अनुभव विभाग के लिए सदैव महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहेंगे। उन्होंने सेवानिवृत्त कार्मिकों के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र एवं विभागीय अधिकारियों तथा सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा पुलिस विभाग में बिताए सेवाकाल को अपने जीवन का महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण अध्याय बताया। समारोह के अंत में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके सुखमय, स्वस्थ एवं मंगलमय भविष्य की कामना की गई। सोनभद्र पुलिस परिवार सेवानिवृत्त होने वाले तीनों पुलिसकर्मियों की दीर्घकालीन सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

# जुगैल पुलिस ने महुआ चोरी कर भाग रहे अभियुक्त को दबोचा

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना जुगैल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 30.07.2026 को थाना जुगैल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम निवारी टोला खड़िया निवासी चंद्रवती केवट पत्नी परानू प्रसाद के घर में दो दरवाजों के ताले तोड़कर लगभग 40 किलोग्राम महुआ चोरी कर दो चोर मोटरसाइकिल से फरार होने का प्रयास कर रहे थे। शोर मचाने पर स्थानीय लोगों एवं पुलिस की सहायता से एक अभियुक्त को मौके पर पकड़ लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अम्बुज तिवारी उर्फ सोनू तिवारी पुत्र अनिल तिवारी निवासी ग्राम रमडीहा, थाना गढ़वा, जिला सिंगरौली (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई। थाना जुगैल पुलिस द्वारा मौके से गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया 40 किलोग्राम महुआ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, ताला तोड़ने में प्रयुक्त लगभग आधा मीटर लंबी लोहे की नुकीली रॉड एवं लोगों द्वारा हमला किए जाने पर बचाव हेतु रखा गया नुकीला पंच बरामद किया गया। इस संबंध में थाना जुगैल पर मु0अ0सं0-0097/2026 धारा 305(ए), 331(3), 317(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जिला कारागार में भी अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण व गुणवत्तापूर्ण भोजन पर जोर**

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर, जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने शुक्रवार को नगर के मोर्चाघर स्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने किशोर बंदियों के आवासीय कक्ष, रसोईघर एवं शौचालय सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने किशोर बंदियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों का माह में कम से कम दो बार स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। साथ ही नियमित रूप से शिक्षा उपलब्ध कराने तथा किशोरों को कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बच्चों के हित में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार द्वितीय उपस्थित रहे।

## जिला कारागार का भी किया निरीक्षण

इसके बाद जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह ने जिला कारागार पहुंचकर विभिन्न बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल पुलिसकर्मियों द्वारा बंदियों के पास रखे झोले आदि की तलाशी ली गई, जिसमें किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों ने विभिन्न बैरकों के साथ महिला बैरक, जेल अस्पताल एवं रसोईघर का भी निरीक्षण किया तथा तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों का नियमित रूप से चिकित्सकीय परीक्षण कराने और आवश्यकता के अनुसार समय से दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बंदियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही बंदियों से कहा कि यदि किसी को विधिक सहायता अथवा सरकारी अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो जेल अधीक्षक के माध्यम से अवगत कराएं, ताकि पात्रता एवं निर्धारित मानकों के अनुसार उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर महेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# खजूर की बागवानी से खुलेंगे किसानों की आर्थिक समृद्धि के द्वार



**एक हेक्टेयर पर योगी सरकार दे रही 1.40 लाख रुपये का अनुदान**

**मीरजापुर के 36 किसान हुए लाभान्वित**

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में एकीकृत बागवानी मिशन के तहत मीरजापुर जनपद में किसानों को खजूर की बागवानी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से किसानों को खजूर के बाग लगाने के लिए प्रति हेक्टेयर 1 लाख 40 हजार रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों की लागत कम होने के साथ उनकी आय बढ़ाने का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है। जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने बताया कि एकीकृत बागवानी मिशन के अंतर्गत मीरजापुर के अब तक 36 किसान खजूर की बागवानी योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान और तकनीकी मार्गदर्शन के कारण किसानों का रुझान खजूर की खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि खजूर एक दीर्घकालिक एवं लाभकारी फलदार फसल है, जिसकी बाजार में पूरे वर्ष अच्छी मांग बनी रहती है। इससे किसानों को लंबे समय तक स्थायी आय प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

## बागवानी से जोड़कर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाना है सरकार का लक्ष्य

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि उद्यान विभाग किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधों के चयन, बाग लगाने की वैज्ञानिक विधि, सिंचाई प्रबंधन, पौध संरक्षण तथा फसल के रखरखाव संबंधी तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध करा रहा है। इससे किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाना है। खजूर की बागवानी जैसी लाभकारी योजनाएं किसानों की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उम्मीद है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने के साथ जिले में बागवानी का रकबा भी बढ़ाएंगे।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण तहसील समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। माह के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। समाधान दिवस में कुल 59 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग के 22, पुलिस के 10, विद्युत विभाग के 4, विकास विभाग के 5, नगर पंचायत के 5, पूर्ति विभाग के 4 तथा अन्य विभागों के 9 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। इनमें से 3 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरण संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंप दिए गए। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फरियादियों को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय और उसकी समस्या का समाधान मिले। इस अवसर पर तहसीलदार अमृतलाल, चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक कुमार सोनी, एसआई रूबी सिंह सहित पुलिस, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ओबरा पुलिस ने चोरी की घटना मे अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**चोरी की नकदी, चांदी की पायल व महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस को चोरी की घटना के सफल अनावरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 31.07.2026 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 168/2026, धारा 305(ए), 331(4), 317(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त प्रवीण उर्फ बल्ली पुत्र पतिराम गोंड, उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी सेक्टर-04, आरओ पानी टंकी के पास, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, मूल निवासी ग्राम एवं पोस्ट कसारा, थाना कोपागंज, जनपद मऊ को चिल्ड्रेन पार्क ओबरा के पीछे स्थित खंडहरनुमा मकान से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 30.07.2026 को वादिनी लाजो पत्नी स्व0 राजा, निवासी सेक्टर-04, आरओ पानी टंकी के पास, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना ओबरा पर लिखित तहरीर देकर बताया गया

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## गुड्डू और कालीन गदर मचाने को तैयार

नई दिल्ली। महीनों के इंतजार के बाद, 'मिर्जापुर: द मूवी' के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का धमाकेदार टीजर रिलीज किया, जिसने फैंस को इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी के बड़े पर्दे वाले एडाप्टेशन की पहली झलक दिखाई। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा एक बार फिर अपने फैंस के पसंदीदा किरदारों में नजर आए। 11 अगस्त को ट्रेलर रिलीज होने के बाद 'मिर्जापुर: द मूवी' की टीम बड़े स्तर पर प्रमोशन शुरू करेगी. मेकर्स 7 से 8 शहरों में एक खास मल्टी-सिटी ट्रेलर लॉन्च रोड ट्रिप की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान फिल्म की लीड स्टारकास्ट देश के अलग-अलग शहरों में जाकर फैंस से मिलेगी और सिनेमाघरों में रिलीज से पहले 'मिर्जापुर: द मूवी' का भौकाल सीधे दर्शकों तक पहुंचाएगी। इस स्टारकास्ट को और बड़ा बनाते हुए फिल्म में अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौड़, श्वेता त्रिपाठी और सोनल एस. चौहान भी नजर आएंगे, जो मिर्जापुर की दुनिया का एक नया और रोमांचक चैप्टर बड़े पर्दे पर लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म 4 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

लाइफ Style



# कोंकणा

## साइकोलॉजिकल हॉरर कहानियों में है दिलचस्पी

बतौर कलाकार और निर्देशक अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा को हॉरर फिल्में बहुत पसंद हैं, लेकिन वह उन फिल्मों को देखने से डरती भी हैं। एक थी डायन हॉरर फिल्म में अभिनय कर चुकी कोंकणा ने बताया कि उनके भीतर हॉरर फिल्मों का निर्देशन करने वाला निर्देशक भी है। वह एक हॉरर फिल्म की कहानी पर काम भी कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अपनी निर्देशित पहली फिल्म 'ए डेथ इन द गंज' के एक डरावने सीन पर बात करते हुए कोंकणा ने कहा कि फिल्म के एक डरावने रात वाले सीन को लिखते समय कई बार शीशे में खुद की ही परछाई देखकर मैं डर जाती थी। हॉरर जानर मुझे दिलचस्प लगता है, लेकिन जब मैं हॉरर जॉनर में कुछ लिखती हूं, तब खुद भी डर जाती हूं। इस कारण मैं कई बेहतरीन हॉरर फिल्में भी नहीं देख पाती हूं, क्योंकि उनका असर मेरे मन में बहुत लंबे समय तक रह जाता है। मैं एक हॉरर फिल्म भी बनाना चाहती हूं। मातृत्व पर आधारित उस कहानी के बारे में मैं काफी समय से बात कर रही हूं, लेकिन अभी तक उसे लिखा नहीं है। साइकोलॉजिकल हॉरर कहानियों में मेरी गहरी दिलचस्पी है। आगे कोंकणा ने बताया कि वह अपनी इस कहानी के सारे क्रिएटिव राइट्स खुद के पास रखना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने इस कहानी के लिए फिलहाल किसी स्टूडियो या निर्माता से बात नहीं की है। वह कहती हैं कि मैं किसी निर्माता से पैसे लेकर स्क्रिप्ट नहीं लिखना चाहती, क्योंकि ऐसा करने पर वह कहानी उनकी हो जाती है। कहानी मेरे दिमाग में है, अगर मैं थोड़ी कम बिजी हुई तो इसे खुद लिखूंगी। कोंकणा पिछली बार प्राइम वीडियो की थ्रिलर सीरीज 'सर्च: द नैना मर्डर केस' में नजर आई थीं जिसमें उन्होंने एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था।

हॉलीवुड मसाला



## इस फिल्म के विलेन ने ली 1000 करोड़ की फीस

नई दिल्ली। 4500 करोड़ की फिल्म का विलेन 1000 करोड़ की फीस ले गया। हॉलीवुड की सबसे बड़ी सुपरहीरो फ्रैंचाइजी मार्बल सिनेमैटिक यूनिवर्स में एक बार फिर इतिहास रचा जा रहा है। एवेंजर्स: डूम्सडे में विलेन डॉक्टर डूम की भूमिका निभाने वाले रॉबर्ट डाउनी जूनियर को लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी लगभग 1000 करोड़ रुपए की भारी-भरकम फीस मिलने की खबर है। यह डील दो फिल्मों 'एवेंजर्स: डूम्सडे' और उसके सीक्वल 'एवेंजर्स: सीक्रेट वॉर्स' के लिए है। फिल्म का प्रोडक्शन बजट भी आसमान छू रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, डूम्सडे और सीक्रेट वॉर्स का बजट लगभग 600 मिलियन डॉलर (लगभग 5700 करोड़ रुपए) है।



## स्पाइडर मैन ने ला दी बॉक्स ऑफिस में आंधी

मुंबई। स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे ने तो भारत में पहले ही दिन तूफान मचा दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन इतनी जबरदस्त कमाई की है कि आप भी जानकर हैरान हो जाएंगे। इतना ही नहीं मूवी की जो पहले दिन की कमाई है उसने कई हिंदी फिल्मों के पहले दिन के कलेक्शन को पछाड़ दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन भारत में 60.60 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, ग्रॉस मवी ने 72.44 करोड़ की कमाई की है। स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे ने इंग्लिश के बाद सबसे ज्यादा हिंदी भाषा में कमाई की है। फिल्म के पहले दिन के धमाकेदार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को देखते हुए लगता है कि वीकेंड पर फिल्म 100 से 150 रुपए तक की कमाई कर सकती है, क्योंकि फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। जन नायकन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने गुरुवार को 3.98 करोड़ की कमाई की थी। स्पाइडर मैन की आंधी में जन नायकन भी हिल गई। बता दें कि इस फिल्म के कलेक्शन के साथ यह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म बन गई है भारत में सबसे ज्यादा ओपनिंग के साथ।



## टीचिंग के बाद लगा एक्टिंग का चस्का

नई दिल्ली। कियारा आडवाणी आज बॉलीवुड की सबसे चर्चित और सफल अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। कियारा ने मुंबई से स्कूली पढ़ाई पूरी की और फिर मास कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन किया। उन्होंने अभिनय में आने से पहले अपनी मां के प्री-स्कूल में छोटे बच्चों को पढ़ाया भी। वह बच्चों को कविताएं सुनाती थीं और उनकी देखभाल करती थीं। कियारा का कहना है कि इस अनुभव ने उन्हें जिम्मेदारी और संयम रखना सिखाया। कियारा आडवाणी ने कई इंटरव्यू में बताया कि सलमान खान की सलाह पर उन्होंने अपना नाम बदलकर कियारा रख लिया। यह नाम उन्हें प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'अंजाना अंजानी' के एक किरदार से पसंद आया था। बाद में यही नाम उनकी नई पहचान बन गया। साल 2014 में कियारा ने फिल्म 'फगली' से बॉलीवुड में कदम रखा। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही।



## अनुपम ने पूरी की 'ये प्रेम मोल लिया' की शूटिंग

मुंबई। अभिनेता अनुपम खेर को सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में देखा जाएगा। इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसकी जानकारी अनुपम खेर ने पोस्ट साझा करके दी है। उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ सूरज के लिए इमोशनल पोस्ट लिखा है। उन्होंने निर्देशक के साथ काम करने का सफर भी साझा किया है। अनुपम खेर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'और अब ये पूरा हुआ। गुरुवार रात, हमने सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' की शूटिंग पूरी कर ली। मैं सूरज को तब से जानता हूं, जब वे मेरी पहली फिल्म 'सारांश' में असिस्टेंट थे। तब से हमने आठ से ज्यादा फिल्मों का सफर साथ तय किया है। उन्हें हमारे समय के सबसे बेहतरीन कहानीकारों में से एक बनते देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है।

टीवी मसाला



## दूरदर्शन का यह शो आज भी कहलाता है कल्ट क्लासिक

नई दिल्ली। आज ओटीटी पर 'द एम्पायर', 'ताज: डिवाइडेड बाय ब्लड' और 'फ्रीडम एट मिडनाइट' जैसी सीरीज इतिहास को बड़े पैमाने पर पर्दे पर पेश कर रही हैं। लेकिन, इनसे कई साल पहले दूरदर्शन ने एक ऐसा ऐतिहासिक धारावाहिक दर्शकों को दिया था, जिसने भारत की सभ्यता और इतिहास को बेहद रोचक अंदाज में घर-घर पहुंचाया। साल 1988 में प्रसारित 'भारत एक खोज' श्याम बेनेगल के निर्देशन में बना था और यह जवाहरलाल नेहरू की प्रसिद्ध किताब 'द डिस्कवरी ऑफ इंडिया' पर आधारित था। खास बात यह है कि नेहरू ने यह किताब जेल में रहते हुए लिखी थी। 53 एपिसोड वाले इस धारावाहिक में सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर भारत की आजादी तक की पूरी यात्रा को नाटकीय शैली में दिखाया गया। 'भारत एक खोज' की सबसे बड़ी खासियत इसकी दमदार स्टारकास्ट थी। इस सीरियल में नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, रोशन सेठ, टॉम ऑल्टर, कुलभूषण खरबंदा, रजित कपूर, पंकज बेरी, इला अरुण, के.के. रैना, अंजन श्रीवास्तव और सदाशिव अमरापुरकर जैसे कई दिग्गज कलाकार नजर आए। दिलचस्प बात यह भी थी कि उस दौर में अपने कॅरियर की शुरुआत कर रहे इरफान खान भी इस सीरियल का हिस्सा थे। आगे चलकर उन्होंने भारतीय सिनेमा के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई। यह धारावाहिक किसी एक किरदार की कहानी नहीं था, बल्कि हर एपिसोड भारत के इतिहास के अलग दौर को सामने लाता था।

## लॉकअप 2 बना जुबानी जंग का मैदान

नई दिल्ली। लॉकअप 2 रियलिटी शो अब अपने फिनाले एपिसोड की तरफ बढ़ रहा है। इस शो को जीतने की दौड़ में आकांक्षा चमोला और श्रेया कालरा शामिल हैं। हाल ही में आकांक्षा को पता चला कि श्रेया ने उनके और गौरव खन्ना के रिश्ते पर



उल्टी-सीधी बातें कही। आकांक्षा को चुड़ैल कहा। इस बात से वह आहत हो गई हैं। ऐसे में आकांक्षा ने श्रेया कालरा को खूब खरी-खोटी सुनाई। शो लॉकअप 2 के वायरल वीडियो में श्रेया कालरा को आकांक्षा ने कहा, 'तुम गौरव खन्ना (आकांक्षा से पति) को कितना जानती हो। क्या बाहर तुम उसे जानती हो। तुम्हें कहा कि अच्छा हुआ कि आकांक्षा का गौरव से तलाक हो रहा है। तुमने मुझे चुड़ैल कहा। यह बातें कहते हुए आकांक्षा चमोला काफी गुस्से में थी। आकांक्षा की बातों का जवाब भी श्रेया के पास नहीं था। शो 'लॉकअप 2' की बात करें तो अब इसमें राम कपूर, शिवांगी जोशी, पामेला सेरेना, आकांक्षा चमोला, शिल्पा शिंदे, आकांक्षा चौधरी, राम कपूर, श्रेया कालरा, हर्षद चोपड़ा जैसे सेलेब्स ही बचे हैं। जल्द ही इसका फिनाले एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। रियलिटी शो 'लॉक अप 2' को रितेश देशमुख और फराह खान होस्ट कर रहे हैं।

## फातिमा ने तीन कौवे के सेट से साझा की तस्वीरें



नई दिल्ली। फातिमा सना शेख अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'तीन कौवे' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस सीरीज में काम कर रहे कलाकारों के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने एक शानदार कैप्शन लिखा है। उन्होंने सभी साथियों को गैंगस्टर बुलाया है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें सिद्धांत गुप्ता और बॉबी देओल नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में फातिमा सबके साथ सेल्फी ले रही हैं। एक और तस्वीर में वह बॉबी देओल के साथ विक्ट्री साइन बनाते हुए पोज दे रही हैं। एक और तस्वीर में फातिमा सिद्धांत से बेबाकी से नजरें मिला रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने लिखा 'गैंगस्टर। तीन कौवे गैंग। हम मजे में हैं। मैं सिर्फ एक लड़की हूं। सबसे अच्छी लड़की। मुसीबत खड़ी करने वाली। बॉबी देओल महान हैं। बात खत्म।' आपको बता दें कि 'तीन कौवे' अमेजन प्राइम वीडियो पर आने वाली अपकमिंग सीरीज है। इसमें सिद्धांत गुप्ता, बॉबी देओल और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें पावेल गुलाटी, रोनित रॉय, ईशा तलवार, चांदनी बैंज और फैसल मलिक भी हैं। इसका निर्देशन प्रियंका घोष कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'तीन कौवों' की कहानी एक ऐसे पूर्व सीक्रेट एजेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे सात साल से मृत मान लिया गया था। मगर गद्दार करार दिए जाने के बाद वह अपना नाम साफ करने के लिए वापस लौटता है। यह सीरीज इस साल के आखिर में रिलीज हो सकती है।

## 6000 से ज्यादा गानों को दी आवाज, 7 साल की उम्र में शुरू किया था गायकी का सफर

नई दिल्ली। बॉलीवुड-दक्षिण भारतीय संगीत उद्योग को अपनी अनूठी और सुरीली आवाज से दशकों तक समृद्ध करने वाली दिग्गज पार्श्व गायिका जमुना रानी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उन्होंने गुरुवार शाम बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। साल 1938 में आंध्र प्रदेश में जन्मीं जमुना रानी ने महज सात साल की नन्हीं उम्र में ही फिल्म उद्योग में कदम रख दिया था और अपनी प्रतिभा के बल पर संगीत इतिहास में अपना नाम अमर कर लिया। जमुना रानी ने अपने गायन कॅरियर की शुरुआत फिल्म 'त्यागय्या' से एक प्लेबैक सिंगर के रूप में की थी। अपने लंबे और सफल करियर के दौरान उन्होंने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में 6000 से भी अधिक गीतों को अपनी आवाज दी। उनकी विशिष्ट और अलग आवाज उन्हें अपने दौर के अन्य गायकों से अलग बनाती थी। उनकी आवाज विशेष रूप से क्लब डांस नंबर, जिप्सी सॉन्ग्स और लोकगीतों के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती थी। साल 1952 में रिलीज हुई फिल्म



'कल्याणी' के जरिए उन्होंने तमिल फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था और वहां भी अपनी सफलता के झंडे गाड़े।

**कई पुरस्कारों और सम्मानों से की गईं सम्मानित :** अपने लंबे संगीत सफर में उन्होंने टीएम सौंदरराजन, सिरकाली गोविंदराजन, तिरुचि लोगनाथन, पीबी श्रीनिवास, एएम राजा, पी सुशीला, पी लीला, एलआर ईश्वरी, जिक्की, एस. जानकी, शूलमंगलम राजलक्ष्मी और एमएस राजेश्वरी जैसे दिग्गज गायकों के साथ युगल गीत गाए। इसके अलावा उन्होंने विश्वनाथन-राममूर्ति, केवी महादेवन, टीआर पापा, वी कुमार, जीके वेंकटेश और इलैयाराजा जैसे महान संगीतकारों के निर्देशन में काम किया।

### तेलुगु और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में छोड़ी अमिट छाप

तेलुगु सिनेमा में जमुना रानी ने कई सदाबहार गीतों के जरिए अपार लोकप्रियता हासिल की। उनके प्रसिद्ध तेलुगु गीतों में 'सरदा सरदा सिगरेट्टु', 'एंथा टक्कारी वाडू नाराजू', 'मुक्कुमीधु नूखी.. नी मुखनिके आडा', 'कोट्टू बूट्टू वीडा बावा वाचादय्या' और 'पाडापाडावे वैयारी गालिपत्तामा' शामिल हैं, जो आज भी संगीत प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। जमुना रानी का जादू केवल भारतीय भाषाओं तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी गायकी का परचम लहराया। श्रीलंका की सिंहली फिल्मों में गाए उनके गीतों को व्यापक सराहना मिली। विशेष रूप से, मशहूर गायक ए.एम. राजा के साथ सिंहली फिल्म 'सदा सुलंग' में गाया गया उनका युगल गीत 'जीवना मी गमना रमसाए' श्रीलंकाई संगीत इतिहास में एक क्लासिक गीत बन गया, जिसे आज भी बेहद पसंद किया जाता है।

## इश्क हो या दर्द, हर जज्बे को महसूस कराने की थी काबिलियत

# रफी के ये सदाबहार गाने आज भी देते हैं दिल को सुकून

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुरों के सरताज कहे जाने वाले गायक मोहम्मद रफी में हर जज्बे को महसूस कराने की काबिलियत थी। मोहम्मद रफी न सिर्फ एक बेहतरीन गायक थे, बल्कि वो एक दौर के जज्बात थे, जो आज भी हर उम्र के लोगों की प्लेलिस्ट में जिंदा हैं। उनके कुछ ऐसे सदाबहार नगमें, जिन्होंने संगीत को अमर बना दिया।

### गुलाबी आंखें जो तेरी देखीं (द ट्रेन)

ये रोमांटिक गाना जितना मस्ती से भरपूर है, उतना ही खूबसूरत भी। इसे लिखा था आनंद बख्शी ने और संगीत दिया था आर. डी. बर्मन ने। साल 1970 में राजेश खन्ना और नंदा पर फिल्माए गए इस गीत को आज भी क्लब्स और पार्टियों में बजाया जाता है। माना जाता है कि ये गाना एक ही टेक में रिकॉर्ड हुआ था, जिसमें रफी साहब को महारत हासिल थी। वो लगभग हर गाने को एक ही बार में रिकॉर्ड कर लिया करते थे।



### बाहों में चले आओ (अनामिका)

साल 1973 के इस सुरीले नगमे में मोहम्मद रफी के साथ लता मंगेशकर की जुगलबंदी ने प्रेम की गहराई को छू लिया था। संगीतकार थे राहुल देव बर्मन और गीत लिखे थे मजरूह सुल्तानपुरी ने। यह गाना आज भी कपल्स के फेवरिट रोमांटिक सॉन्ग्स में गिना जाता है। ये गाना संजीव कुमार और जया भादुरी पर फिल्माया गया था।

### क्या हुआ तेरा वादा (हम किसी से कम नहीं)

साल 1977 के इस गीत के लिए रफी साहब को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था। इसे लिखा था मजरूह सुल्तानपुरी ने और संगीत दिया था आर. डी. बर्मन ने। इस गीत को अभिनेता तारिक पर फिल्माया गया था, जिसे रफी की आवाज ने और भी प्रभावशाली बना दिया।

### अभी न जाओ छोड़ कर (हम दोनों)

साल 1961 में देव आनंद और साधना पर फिल्माया गया ये गाना हिंदी सिनेमा के सबसे मधुर प्रेम गीतों में गिना जाता है। जयदेव के संगीत और साहिर लुधियानवी की कलम से निकला ये गीत मोहब्बत को बेहद खूबसूरती से बयां करता है।

### लिखे जो खत तुझे (कन्मे वादे)

1967 में शंकर-जयकिशन के संगीत और हसरत जयपुरी की शायरी में रफी साहब ने इस गीत को एक प्रेम पत्र की तरह गाया। ऐसा कहा जाता है कि शशि कपूर और आशा पारेख पर फिल्माए इस गाने को रिकॉर्ड करते हुए हर कोई भावुक हो गया था। इस गीत ने प्रेम में खो जाने का नया तरीका सिखाया।

### तेरा मुझसे है पहले का नाता कोई (आ गले लग जा)

1963 में ये गीत जितना सूफियाना है, उतना ही आत्मा को छू लेने वाला भी है। इसे लिखा था शैलेन्द्र ने और संगीत था शंकर-जयकिशन का। गीत आज भी कई आयोजनों में गूंजता है और काफी पसंद किया जाता है।